

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शारीरिक रूप से विकलांग...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 30 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 281 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में डेटा प्रोटेक्शन बिल किया जाएगा पेश

### व्हाट्सएप प्राइवेसी पॉलिसी मामले पर सुनवाई कर रही बेंच को केंद्र ने दी जानकारी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए डेटा प्रोटेक्शन बिल लाने की तैयारी में है। और आगामी सत्र में संसद के समक्ष इसे रखे जाने की संभावना है। पीठ व्हाट्सऐप की प्राइवेसी पॉलिसी 2021 से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही थी। मामले को 17 जनवरी, 2023 के लिए पोस्ट किया गया है। पीठ दो छात्रों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें व्हाट्सएप की 2021 की गोपनीयता नीति को चुनौती दी गई थी कि वे मूल




कंपनी फेसबुक और अन्य के साथ उपयोगकर्ताओं के डेटा को उनकी गोपनीयता और फ्री स्पीच के उल्लंघन के रूप में साझा करें। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को बताया कि सरकार पहले ही पुराने डेटा संरक्षण विधेयक को वापस ले चुकी है और संसद में एक नया विधेयक पेश किया जाएगा। मेहता ने अदालत से कहा कि ये सरकार का रुख है कि भारतीय उपयोगकर्ताओं के साथ व्हाट्सएप के अन्य उपयोगकर्ताओं के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता है। भारत सरकार स्थिति और विधेयक पर चल रही है। पीठ ने कहा कि यह मामला इतने सालों से लंबित है और अगर भारत सरकार कानून बनाने की इच्छुक होती तो वह इसे लागू कर सकती थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने पीठ को बताया कि भारतीय उपयोगकर्ता अपने मौलिक अधिकारों से वंचित हैं और अन्य देशों, विशेष रूप से यूरोपीय संघ में संचालित एक ही मंच में गोपनीयता के उच्च मानक हैं और वे मानक भारत में प्रचलित नहीं हैं।

## कर्नाटक में एंट्री से पहले ही फटे राहुल गांधी के पोस्टर, कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी पर लगाया आरोप

बेंगलुरू। कांग्रेस की भारत जोड़ी यात्रा 30 सितंबर को चामराजनगर जिले से कर्नाटक चरण में प्रवेश करने वाली है। राज्य में पार्टी यात्रा के आगमन से पहले, राज्य के गुंडलूपेट इलाके में राहुल गांधी के स्वागत के लिए लगाए गए पोस्टर फाड़ दिए गए थे। यात्रा के स्वागत के लिए लगाए गए 40 से अधिक पोस्टर फाड़ दिए गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के पोस्टर फाड़ने का आरोप लगाया है, जो गुंडलूपेट से गुजरने वाले



राजमार्ग पर लगाए गए थे। इस बीच राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत जोड़ी यात्रा का नेतृत्व किया क्योंकि यह केरल चरण के अंतिम दिन केरल के नीलांबुर से फिर से शुरू हुई। 7 सितंबर से शुरू हुई यह यात्रा फिलहाल 22वें दिन है। कर्नाटक कांग्रेस के लिए यात्रा महत्वपूर्णः कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ लड़ रहे कांग्रेस नेताओं के लिए भारत जोड़ी यात्रा महत्वपूर्ण होगी। राजनीतिक विश्लेषक का मानना है कि यात्रा राष्ट्रीय और कर्नाटक में अपनी उपस्थिति को फिर से स्थापित करने के लिए ये एक तरह का कांग्रेस का आंदोलन है। उनका सीधा मुकाबला बीजेपी से है। यह कर्नाटक कांग्रेस के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया। यात्रा राज्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एक मजबूत विपक्ष के रूप में कांग्रेस की प्रतिष्ठा को मजबूत करने में मदद करेगी। यह यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के लिए राहुल गांधी को अपनी क्षमता साबित करने का एक अवसर भी है। हालांकि अभी तक सिद्धारमैया यात्रा से दूर रहे हैं। कन्याकुमारी में यात्रा के शुभारंभ के दौरान उन्हें देखा नहीं गया था, जब शिवकुमार सहित अन्य सभी शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की थी।

## केरल एचसी ने पीएफआईको दिया करोड़ों के नुकसान की भरपाई का आदेश

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) को निर्देश दिया जाएगा कि वह केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की ओर से मुआवजे के तौर पर मांगी गई पांच करोड़ रुपये से




अधिक की राशि को राज्य सरकार के समक्ष जमा कराये। पीएफआई के खिलाफ हुई छापेमारी और उसके कुछ सदस्यों की गिरफ्तारी के विरोध में गत 23 सितंबर को आयोजित उसकी हड़ताल के दौरान बसों को हुए नुकसान और सेवाओं में कटौती को लेकर केएसआरटीसी ने मुआवजे की यह मांग की है। केएसआरटीसी की ओर से पेश अधिवक्ता दीपू थंकन ने बताया कि अदालत ने कहा कि हड़ताल संबंधित हिंसा और संपत्ति को हुए नुकसान को लेकर दर्ज सभी मामलों में संगठन के पूर्व महासचिव अब्दुल सत्तार को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया जाएगा। अधिवक्ता थंकन ने कहा, ''न्यायमूर्ति ए के जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति मोहम्मद नियास सी पी की पीठ ने कहा कि यह निर्देश भी दिया जायेगा कि हड़ताल संबंधी हिंसा के किसी भी आरोपी को कथित तौर पर उनके द्वारा किये गये नुकसान की क्षतिपूर्ति किये जाने तक जमानत नहीं दी जाए।'' केएसआरटीसी ने अपनी यचिका में यह दलील दी है कि हड़ताल बिना कोई अग्रिम सूचना दिए की गई, जो कि उच्च न्यायालय के उन आदेशों का उल्लंघन है जिसके तहत अचानक की जाने वाली हड़ताल को अवैध करार देते हुए कहा गया था कि इसके लिए सात दिन पूर्व नोटिस देना होगा।

## सरकार ने चुनावी बांड की 22वीं किश्त को मंजूरी दी, बिक्री के लिये 1 अक्टूबर से उपलब्ध

नयी दिल्ली। सरकार ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव बॉन्ड की 22वीं किस्त जारी करने को बृहस्पतिवार को मंजूरी दी। यह बिक्री के लिये एक अक्टूबर से उपलब्ध होगा।



राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत विभिन्नदलों को दिये गये नकद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बॉन्ड लाया गया था। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को बिक्री के 22वें चरण में एक अक्टूबर से 10 अक्टूबर, 2022 तकअपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बॉन्ड्ड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया गया है। अधिकृत एसबीआई शाखाओं में लखनऊ, शिमला, देहरादून, कोलकाता, गुवाहाटी, चेन्नई, पटना, नयी दिल्ली, चंडीगढ़, श्रीनगर, गांधीनगर, भोपाल, रायपुर और मुंबई शामिल हैं। गुजरात और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा कुछ सप्ताह में होने की संभावना है। इससे पहले, बॉन्ड के 21वें चरण के तहत बिक्री एक जुलाई से 10 जुलाई, 2022 तक हुई थी। चुनावी बॉन्ड के पहले चरण के तहत बिक्री एक से 10 मार्च, 2018 तक हुई थी। एसबीआई चुनावी बॉन्ड जारी करने वाला एकमात्र अधिकृत बैंक है। बयान के अनुसार, चुनावी बॉन्ड्ड जारी होने की तारीख से पंद्रह दिनों के लिये वैध होंगे। वैधता अवधि की समाप्ति के बाद चुनावी बॉन्ड्ड जमा करने पर संबंधित राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। पात्र राजनीतिक दल के खाते में जमा किये गये चुनावी बॉन्ड्ड की राशि उसी दिन खाते में जमा हो जाएगी।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में बुधवार को सात नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में चल



रहे पूना नर्कोम ''नई सुबह, नई शुरुआत'' अभियान से प्रभावित होकर सात नक्सलियों – मड़कम मासा, माड़वी हिरमा, मड़कम भीमा, मड़कम बण्डी, मड़कम नंदा, सोड़ी जोगा और लछिन्दर– ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली मिलिशिया सदस्य, चेतना नाटय मंडली के सदस्य और दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन के सदस्य हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ एर्राबोर थाना क्षेत्र में विभिन्न नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन के पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने एनपीपीए के भारत सीरम, बर्ड को जारी मांग पत्रों को रद्द किया

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा जारी उन मांग पत्रों को रद्द कर दिया है, जो प्राधिकरण ने भारत सीरम एंड वैक्सीन और बर्ड हेल्थकेयर इंडिया को



दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर अधिक शुल्क लेने का दोषी ठहराते हुए जारी किए थे। उच्च न्यायालय ने भारत सीरम और बर्ड द्वारा दायर अलग–अलग याचिकाओं को स्वीकार करते हुए एनपीपीए को दोनों कंपनियों द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, की दोबारा गणना की एक नयी कवायद शुरू करने के लिए कहा। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने 90 पन्नों के अपने आदेश में कहा, ''तदनुसार और उपरोक्त सभी कारणों से रिट याचिकाएं स्वीकृत रहेंगी। भारत सीरम से संबंधित पांच जुलाई, 2018 और 26 जून, 2018 तथा 22 अक्टूबर, 2020 के आदेश के अलावा बर्ड से संबंधित सात नवंबर, 2019 के मांग पत्र रद्द रहेंगे।'' अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की अंतिम देय राशि की गणना करते समय एनपीपीए उस जमा राशि के भुगतान को भी ध्यान में रखेगा, जो याचिकाकर्ताओं द्वारा वर्तमान मुकदमे के लंबित रहने के दौरान और आदेशों के अनुसार किया गया हो।

## पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा को दुर्गा पूजा पंडाल का विषय बनाया गया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में पिछले साल विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा को कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल का विषय बनाया गया है, जिसमें दुर्गा को मृत बच्चे की मां के तौर पर दिखाया गया है। नरकेलडांगा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व सामुदायिक पूजा के आयोजक बिस्वजीत सरकार ने बताया कि पंडाल काले कपड़े से ढका जाएगा। इसमें अपने बच्चे को खोने वाली महिला को विलाप करते हुए, जबकि



पृष्ठभूमि में बच्चे की खेलते हुए तस्वीर दिखाई जाएगी। सरकार ने कहा, ''एक ओर पूरा राज्य उत्सव मनाएगा, तो दूसरी तरफ हिंसा में मारे गए लोगों के परिवार उन दिनों अपने प्रियजनों को खोने का शोक मनाएंगे।'' पिछले साल दो मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद हुई हिंसा में बिस्वजीत सरकार के भाई अभिजीत की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, ''हम उन माताओं को चित्रित करके वास्तविकता को दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं जो फिर कभी जश्न नहीं मना पाएंगी।'' जिस मैदान में सरस्वती ओ कालीमाता मंदिर परिषद का यह पंडाल लगाया गया है, उसे हिंसा के दौरान हुए खूनखराबे को चित्रित करने के लिए लाल रंग से रंगा गया है। सरकार ने कहा, ''मेरा भाई उन लोगों में शामिल था जिन्होंने वर्ष 2020 में इस सामुदायिक पूजा की शुरुआत की थी। चुनाव के बाद हुई हिंसा के कारण उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। अभिजीत के बिना समारोहों का हमारे लिए कोई मतलब नहीं है। हम सभी राजनीतिक दलों को यह संदेश देना चाहते हैं कि राज्य में खूनखराबे को खत्म करने की जरूरत है।'' पंडाल का उद्घाटन भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदू अधिकारी ने किया। मजूमदार ने आरोप लगाया कि यह पंडाल विधानसभा चुनाव के बाद टीएमसी द्वारा की गई हिंसा और खूनखराबे के दौरान सामने आई राज्य की भयावह सच्चाई को दर्शाता है।

## दशहरा रैली में अनुशासित तरीके से हों शरीक, उद्धव बोले- भगवा ध्वज दिल में होना चाहिए, केवल हाथ में नहीं

मुंबई। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाले धड़े पर तंज करते हुए कहा कि भगवा ध्वज किसी व्यक्ति के दिल में होना चाहिए, केवल हाथ में नहीं।



भाजपा और शिंदे धड़ा अक्सर ठाकरे पर आरोप लगाता रहा है कि वह सत्ता बचाने के लिए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (रांकपा) से हाथ मिलाकर हिंदुत्व की विचारधारा से समझौता कर रहे हैं। अपने आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, ''देश में लोकतंत्र और हिंदुत्व के संरक्षण के लिए हमें भगवान की ओर से दिया गया यह एक अवसर है। भगवा दल केवल किसी व्यक्ति के हाथ में नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे व्यक्ति के दिल में होना चाहिए।'' ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह दशहरा रैली में अनुशासित तरीके से शरीक हों, जिसे पांच अक्टूबर को शिवाजी पार्क में आयोजित किया जाएगा। शिवसेना का कौन सा धड़ा असली है, यह मामला उच्चतम न्यायालय और चुनाव आयोग में लंबित है। इस मामले के बारे में पूछे जाने पर ठाकरे ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अदालत और निर्वाचन आयोग में जारी लड़ाई में उनकी जीत होगी।




## सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद बोले गहलोत, मैं कांग्रेस का वफादार सिपाही, अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा

नई दिल्ली। राजस्थान कांग्रेस में सियासी उठापटक के बीच आज अशोक गहलोत की सोनिया गांधी से मुलाकात हुई है। यह मुलाकात काफी लंबे समय तक चली। मुलाकात के बाद अशोक गहलोत ने साफ तौर पर कहा कि मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से 2 दिन पहले घटनाएं हुई है उससे मैं आहत हूं। उन्होंने कहा कि मैंने सोनिया गांधी को पूरी बात बताई है। पार्टी ने मुझे कई सारी जिम्मेदारियां दी है। पार्टी ने ही मुझे तीन बार मुख्यमंत्री बनाया है। जो कुछ भी हुआ है उसके लिए मैं खेद जता रहा हूं। जो कुछ भी हुआ उसके लिए




मैंने माफी भी मांगी है। इसके साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि मेरा दुख कोई नहीं जान सकता है। यह संदेश गया कि मैं सीएम रहना चाहता हूं। लेकिन मैं कांग्रेस का वफादार सिपाही हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव नहीं लड़ूंगा। अशोक गहलोत ने कहा कि मैंने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से बातचीत की। दो दिन पहले जो कुछ भी हुआ उसने हमें झकझोर कर रख दिया। इसने संदेश दिया कि यह सब हुआ क्योंकि मैं सीएम बनना चाहता था। मैंने उनसे माफी मांगी। अशोक गहलोत से यह भी सवाल पूछा गया कि क्या वे मुख्यमंत्री बने रहेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि यह फैसला सोनिया गांधी और कांग्रेस का नया अध्यक्ष करेगा। गहलोत ने कहा कि कोच्चि में राहुल गांधी से मिले और उनसे (कांग्रेस अध्यक्ष के लिए) चुनाव लड़ने का अनुरोध किया। जब उन्होंने स्वीकार नहीं किया, तो मैंने कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा लेकिन अब मैंने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है।

# विचारों के पत्थर से तैयार होती है क्रांति की तलवार : नवदीप रिणवा

## -मण्डलायुक्तने भगत सिंह के जन्म दिवस पर नगर निगम स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

अयोध्या। शहीद भगत सिंह की जयंती पर सिविल लाइन स्थित नगर निगम स्थित प्रतिमा पर आयोजित श्रद्धा सुमन कार्यक्रम में मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने माल्यार्पण किया और कहा कि शहीद भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं शहीद भगत सिंह की जीवनी से हमें परिचित होकर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा उन्होंने युवाओं को शहीद भगत सिंह की सोच पर चलने का आह्वान किया और कहा कि 23 सितंबर 1960 को जन्मे भगत सिंह ने सिर्फ 23 साल की उम्र में ही वह कर दिखाया जो लोगों को उनके विचारों पर सोचने को मजबूर करता है उन्होंने कहा कि क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर से तैयार होती है क्रांतिवीरों की जब भी बात होगी, भगत सिंह का नाम सबसे ऊपर होगा। गुलाम देश की आजादी के लिए अपनी जवानी और संपूर्ण जीवन भगत सिंह ने देश के नाम कर दिया। वह क्रांतिकारी तो थे ही साथ ही उन्होंने बहुत गहन अध्ययन किया हुआ इनके द्वारा कहीं गई यह बात बहुत प्रेरणादाई है उनके जीवन पर विचार डालते हुए कमिश्नर नवदीप उन्होंने कहा कि जब परिवार के लोग उनसे मिलने जाते थे तो वह परिवार के लोगों को सांत्वना देते हुए कहते थे आप रो मत आपका बेटा किसी गलत कार्य से नहीं जा रहा वह देश के लिए शहीद होने जा रहा अंतिम समय तक जब जेल में थे वह अपने अंतिम काल तक पुस्तकें पढ़ते रहे युवाओं के लिए देश के लिए हम सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं भारत सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया कि जो चंडीगढ़ का एयरपोर्ट है उसका नामकरण सरदार भगत सिंह के नाम से किया जा रहा है जिसके लिए खुशी भी जाहिर की । सैन्य शहीद स्मारक सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित शहीद भगत सिंह के जयंती पर नगर निगम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कमिश्नर नवदीप रिणवा मौजूद रहे। जहां पर समिति के संस्थापक ओमप्रकाश सिंह नाहर द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा सेवा निवृत्त पुलिस अधीक्षक प्रीतम सिंह, सूबेदार मेजर शिव शंकर सिंह, सूबेदार इतकाद हुसैन का सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गयाध। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैप्टन जेपी द्विवेदी, कैप्टन केके तिवारी, हवलदार रामानंद यादव, हवलदार दुल्हम यादव, आनंद अग्रहरि, शरद,कविंद्र साहनी, भारती सिंह, रीना द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आसाम से चालीस पंचायत सदस्यों के दल ने सनाहा का किया दौरा

सोहावल–अयोध्या ।आसाम से चालीस पंचायत प्रतिनिधियों के दल ने सोहावल विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सनाहा का दौरा किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान द्वारा कराए विकास कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। असम के चालीस ग्राम प्रधानों का समूह जिसमें पुरुष और महिला ग्राम प्रधान शामिल रही।

सभी ग्राम प्रधानों का समूह प्रधानमंत्री मोदी और यूपी सीएम योगी से सम्मानित ग्राम प्रधान रीना पांडेय की ग्राम पंचायत सनाहा का दौरा किया। प्रधानों के समूह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानों का समूह इंग्लिश मीडियम प्राईमरी स्कूल सनाहा पंहुचा और नौंनिहाल ने नृत्य के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद स्कूल में प्रोजेक्टर के माध्यम से सनाहा ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को दिखाया गया। यहां ग्राम प्रधानों ने निर्माणाधीन प्लास्टिक प्रबंधन केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया और कचरा व प्लास्टिक को मशीन द्वारा नष्ट करने की तकनीकियों को समझा। इसके बाद समूह ने ओपन जिम,सामुदायिक शौंचालय,व्यायाम शाला, लाईब्रेरी आदि स्थलों पर पहुंचकर अच्छी तरह से माडल स्वरूप गांवो के विकास गुण सीखा। इस दौरान असम के नलवाड़ी,कामरू, बरपेटा, बोजाली, डूल्लुया आदि जिलों के ग्राम प्रधान उदीप्त राज ब्रम्हा,आरती वैश्य,विक्रम गंगोई,दीपक,मधुलिका दास, कपिली दास,कल्पना सिंह साईकिया सहित महिला व पुरुष ने बताया कि सनाहा गांव एक आदर्श गांव जैसा है। नारी सशक्तिकरण की उदाहरण यहां की ग्राम प्रधान रीना पांडेय है। यहां के लोगों के आचरण और व्यवहार समूह के लोगों को बहुत अच्छा लगा। प्रधानों की टीम के सहयोग स्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पंचायती राज्य प्रशिक्षण संस्थान के मनीष कुमार मिश्रा,ट्रेनिग मैनेजर आदित्य उपाध्य,आईटी सिस्टम मैनेजर प्रवीण कुमार सिंह की मौजूदगी बनी रही। मौके पर डीपीआरओ शीतला प्रसाद सिंह, एडीओ पंचायत रुदौली गंगा प्रसाद,एडीओ पंचायत मसौधा जीशान हैदर,एडीओ सोहावल राजू श्रीवास्तव, डीसी दीपक सेन,अविरल पाठक,राकेश सिंह,सचिव पंकज मिश्रा, महानुभाव मिश्रा,कुलदीप तिवारी,पूर्व प्रधान अंब्रीश पांडेय,सूरज पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गुणवत्तायुक्त धान उत्पादन की तकनीक पर जोर दें किसान : डा. टी.पी चौधरी

## –दो दिवसीय प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

मिल्कीपुर–अयोध्या ।आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय के फसल कार्यिकी विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर राइस के अंतर्गत दो दिवसीय प्रगतिशील किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कृषि के अपर निदेशक डा. टी.पी चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय में वृद्धि के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण उत्पादन पर कार्य कर रहा है। इस दौरान उन्होंने धान उत्पादन के कई तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसान खेती के साथ– पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन कर अपनी आय को दोगुना कर सकते हैं और इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा. ए. के. सिंह ने कहा कि धान की रोपाई में सांडा विधि अधिक कारगर है क्योंकि धान की बालियों में स्टेर्लिटी (पैया) को घटा देता है जिससे लगभग 20 प्रतिशत तक उत्पादन में वृद्धि होती है। प्रशिक्षण में आए हुए किसानों को परियोजना के द्वारा धान के विकास हेतु किये जा रहे विभिन्न आयामों को विस्तार से बताया।

इस दौरान उन्होंने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर राइस द्वारा सूखा अवरोधी, अल्पवधि, जलमग्न व जल प्लावित क्षेत्रों के साथ–साथ किसानों के प्रक्षेत्रों के आवश्यकता अनुसार खाद उर्वरकों के प्रयोग आदि पर किए जा रहे शोध पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने कहा कि बायोफोर्टिफिकेशन विधि द्वारा गुणवत्तायुक्त जिंक के आयरन के भरपूर प्रजातियों के विकास पर विशेष शोध किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य मनुष्य में कुपोषण से बचने एवं रोग–प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करना है। अंतर्राष्ट्रीय धान संस्थआन के वैज्ञानिक डा. आशीष श्रीवास्तव ने बताया की धान की विभिन पारिस्थितकीय तंत्र में उच्च उत्पादन क्षमता की प्रजातियों के विकास पर निर्भर है। इससे मनुष्य में कुपोषण से बचने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी। इसी क्रम में उप निदेशक शोध डा. शंभू प्रसाद ने शोध परियोजनाओं एवं वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डा. आर.आर सिंह ने प्रसार कार्यकर्मो की जानकारी दी। कार्यक्रम से पूर्व डा. आलोक सिंह ने सभी पहुंचे अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा. सीताराम मिश्रा व धन्यवाद ज्ञापन डा. आर के. यादव ने किया। इस मौके पर डा. राबिन कुमार, डा सुशील कुमार, डा. सिद्धार्थ, डाव आर आर सिंह, डा शंभू प्रसाद, डाव आनंद कुमार पाण्डेय, अंकित सिंह, डा. समीर, डा. आशीष सहित कई गांवों के किसान मौके पर मौजूद थे।

# १२० लीटर अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार दबिश देकर कार्यवाही की जा रही हैं। आबकारी निरीक्षक सदर कुलदीप बहादुर सिंह द्वारा मय हमराही व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है इनके पास 83 अलग अलग ब्रांड की बियर केन बरामद किया है पकड़े गए युवकों पर आबकारी अधिनियम व भा.द.वि.की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजिकृत कराते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की गई वही मदिरा के परिवहन मारुति कार को सीज कर दिया गया उन्नाव जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह पुरवा मय हमराह आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार बीघापुर व सब इंस्पेक्टर मोर मुकुट पांडे मय हमराह थाना मौरावां पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम में संदिग्ध ग्राम जनवारनखेड़ा में एक बारगी दबिश देते हुए एक अभियुक्ता को 120 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्ता केश कली पत्नी बच्चू लाल निवासी हरहरा थाना मौरावा को आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। साथ ही लगभग 1000 कुंटल महुआ लहन व तीन भट्टी मौके पर नष्ट की गई।

## विभागीय लापरवाही के चलते युवक की दर्दनाक मौत. परिजनों में मचा कोहराम

उन्नाव। खेतों के ऊपर से निकली जर्जर विद्युत लाइन में अचानक स्पार्किंग होने से खेत में हरा चारा काट रहे एक अधेड़ के ऊपर तार गिरने से वह बुरी तरह झुलस गया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और बिजली विभाग के प्रति ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।असोहा थाना क्षेत्र के दरसवां गांव निवासी सियाराम पुत्र चंद्रभाल द्विवेदी उम्र लगभग 55 वर्ष शाम लगभग पांच बजे अपने खेतों में जानवरों के लिए चारा लेने गए थे। खेतों के उपर से निकली ग्यारह हजार लाइन के तार में अचानक स्पार्किंग हुई और नीचे खेत में चारा काट रहे सियाराम के उपर ही तार टूटकर गिर गया। जिससे वह उसी में चिपक कर बुरी तरह झुलस गए।अगल–बगल जानवर चरा रहे ग्रामीण दौड़े और किसी तरह विद्युत सप्लाई बन्द करवाकर घायल सियाराम को घर लेकर पहुंचे। परिजन उन्हें लेकर बंथरा स्थित निजी नर्सिंग होम पहुंचे जहां डाक्टरों ने उन्हें सिविल अस्पताल लखनऊ रिफर कर दिया। . सुबह पांच बजे के लगभग सियाराम की मृत्यु हो गई। मृतक सियाराम अपने पीछे दो लड़के राधेश्याम, अनुराग व दो पुत्रियां रिंकी व पिंकी तथा पत्नी संतोषी को रोता बिलखता छोड़ गए। लखनऊ से शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों की माने तो गांव के बाहर से निकली ग्यारह हजार की लाइन बहुत ही जर्जर व जमीन को छू रही है, जिसकी शिकायत ग्रामीण आए दिन जे० ई० व लाइनमैन से करते रहे परन्तु आज तक लाइन नहीं ठीक हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लाइन ठीक होती तो शायद ये हादसा न होता। घटना स्थल पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल पंकजधीर ने बताया कि हमने जांच कर ली है अधिकारियों को रिपोर्ट भेजेंगे। मृतक परिवार को शासन द्वारा हर सम्भव सहायता दिलाई जाएगी।

## जहरीला कीड़ा काटने से किशोरी की मौत

उन्नाव। पशुओ के लिये घास काटने गयी किशोरी को जहरीले कीड़े ने काट लिया।परिजन उपचार के लिए सी एच सी ले गये जहाँ डॉक्टर ने मृत घोषित किया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव हयासपुर निवासी श्यामू की लगभग 18 वर्षीय पुत्री राधा सुबह पालतू पशुओं को चारा देने के लिए घास काटने खेत पर गयी थी।घास काटते समय उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया।जानकारी होने पर परिजन राधा को उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।राधा तीन बहनो में सबसे बड़ी थी।घटना से गांव में शोक का माहौल है। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे व पुलिस अधीक्षक दिनेश त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा लगातार दबिश देकर कार्यवाही की जा रही हैं जिला आबकारी अधिकारी करुणेंद्र सिंह के नेतृत्व में ये कार्यवाही लगातार जारी हैं बताते चलें आबकारी निरीक्षक सदर कुलदीप बहादुर सिंह द्वारा मय हमराही व स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है इनके पास 83 अलग अलग ब्रांड की बियर केन बरामद किया है पकड़े गए युवकों पर आबकारी अधिनियम व भा.द.वि.की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजिकृत कराते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की गई वही मदिरा के परिवहन मारुति कार को सीज कर दिया गया उन्नाव जिला आबकारी अधिकारी करुणेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह पुरवा मय हमराह आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार बीघापुर व सब इंस्पेक्टर मोर मुकुट पांडे मय हमराह थाना मौरावां पुलिस स्टाफ के साथ ग्राम में संदिग्ध ग्राम जनवारनखेड़ा में एक बारगी दबिश देते हुए एक अभियुक्ता को 120 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्ता केश कली पत्नी बच्चू लाल निवासी हरहरा थाना मौरावा को आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। साथ ही लगभग 1000 कुंटल महुआ लहन व तीन भट्टी मौके पर नष्ट की गई।

## बच्चों से भरी स्कूली बस ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर यूनीपोल से टकराई,बड़ा हादसा टला

कानपुर। मैनावती मार्ग पर आजाद नगर के पास सुबह बच्चों से भरी एक स्कूली बस ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर यूनीपोल से टकरा गई। बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बस में सवार किसी भी छात्र को चोट नहीं आई हादसे के बाद दूसरी बस से बच्चों को स्कूल भेजा गया। सिंहपुर स्थित जैन इंटरनेशनल स्कूल की एक बस सुबह करीब 40 बच्चों को लेकर मैनावती मार्ग से जा रही थी। तभी आजाद नगर दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया। हालांकि घटना के समय बस की स्पीड काफी कम थी और चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए सड़क किनारे लगे यूनीपोल से बस को टकरा दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे के चलते बस में सवार बच्चे डर के मारे चीख–पुकार करने लगे। मौके पर पहुंचे राहगीरों ने बच्चों को समझाकर शांत कराया। चालक ने स्कूल प्रबंधन को सूचना देकर दूसरी बस से बच्चों को स्कूल पहुंचाया गया। नवाबगंज थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि ब्रेक फेल होने की बात सामने आई है, हालांकि किसी बच्चे को चोट नहीं आई है।

## बाइक सवारों ने रिटायर्ड दारोगा की पत्नी की लूटी चेन

कानपुर। कल्याणपुर में सुबह टहलने निकली रिटायर दारोगा की पत्नी की बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली। शोर मचाते हुए पीछे दौड़े युवक पर तमंचा तान जान से मारने की धमकी देते हुए लुटेरे मौके से भाग निकले। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। कल्याणपुर के सत्यम विहार निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला पुलिस विभाग में दारोगा के पद से रिटायर है। प्रमोद कुमार की पत्नी गीता सुबह टहलने के लिए घर से निकली थी। अभी वह घर से चंद कम दूरी पर ही पहुंची थी, कि तभी उनके पास बाइक सवार दो युवक आकर रुके। इससे पहले की गीता कुछ समझ पाती, बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनके गले में पड़ी सोने की चेन तोड़ ली। महिला का शोर सुन घटनास्थल के पास खड़े युवकों ने लुटेरों का पीछा करने का प्रयास किया। जिसपर लुटेरे ने पीछा कर रहे एक युवक पर तमंचा तानकर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। कल्याणपुर इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज चेक कर लुटेरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## छात्र के मोबाइल की निकलवाई सीडीआर

कानपुर। हनुमंत विहार के संजय गांधी नगर में भाजपा बूथ अध्यक्ष के बेटे के दूसरे समुदाय के धार्मिक क्रियाकलापों में लिप्त व डांटने पर अजमेर भागने के मामले में पुलिस सीडीआर निकलवा कर जांच कर रही है। हनुमंत विहार क्षेत्र के संजय गांधी नगर निवासी राकेश गुप्ता का मदर टेरेसा स्कूल में पढ़ने वाला बड़ा बेटा वंश गुप्ता नमाज अदा करने पर पिता के डांटने पर अजमेर भाग गया था। तलाश के बाद भी नहीं मिलने पर परिजनों ने हनुमंत विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने लोकेशन प्राप्त कर जयपुर से उसे बरामद कर लिया था। मोबाइल सीडीआर में छात्र के दूसरे समुदाय के तीन युवकों के संपर्क में रहने की बात सामने आई है। थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्र ने बताया कि सीडीआर निकलवा कर डाटा खंगाला जा रहा है। संदिग्ध मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# खिहारन चौराहे पर कट न देने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

## –सरकारी नाली को बंद किए जाने से भी आक्रोशित दिखे ग्रामीण

मिल्कीपुर–अयोध्या ।अयोध्या–रायबरेली फोरलेन निर्माण कर रही संस्था पीएनसी इंफ्राटेक द्वारा खिहारन चौराहे पर कट न दिए जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा।ग्रामीणों के हंगामे के कारण पीएनसी को खिहारन चौराहे पर अपना काम रोकना पड़ा।ग्रामीणों की अगुवाई कर रहे ग्राम प्रधान अजीत मौर्य ने बताया कि खिहारन चौराहे पर कई सार्वजनिक संस्थान के साथ–साथ सड़क के दोनों तरफ निकलने वाली महत्वपूर्ण सड़कें जो पूरब में जाकर प्रयागराज हाईवे तथा पश्चिम में जाकर लखनऊ हाईवे को जोड़ती है।ऐसे चौराहे पर कट न देना पीएनसी,एनएचआई वालों की मनमानी प्रदर्शित करती है,आरोप लगाया कि भेदभावपूर्ण ढंग से खिहारन में फोरलेन निर्माण से प्रभावित सैकड़ों दुकानों और मकानों को अभी तक कोई मुआवजा भी नहीं दिया है।इसके साथ ही राजकीय नलकूप 45 बीजी की सरकारी नाली को भी दो स्थानों पर बंद कर दिया है जिससे आधे से ज्यादा गांव की सिंचाई पूरी तरह प्रभावित है।हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पीएनसी इंफ्राटेक के सहायक परियोजना प्रबंधक शंकर शाह एवं विधिक सलाहकार पीके त्रिवेदी ने आक्रोशित ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बातचीत किया और आश्वासन दिया कि आपकी मांग को पीएनसी,एनएचआई के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा।जब तक अप्रूवल नही मिलता तब तक आप लोग हमें डिवाइडर बनाने दीजिए जैसे ही अप्रूवल मिलेगा हमलोग यहां कट बनवा देंगे परंतु ग्रामीण पीएनसी कर्मियों की बातों से सहमत नही हुए और मौके पर डटे रहे।इस दौरान पीएनसी इंफ्राटेक के अधिकारियों को ग्रामीणों ने अपना मांगपत्र भी सौंपा।हंगामे के दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण खिहारन चौराहे पर मौजूद रहे।

# सत्यापन न हुआ तो रुक सकती है, हजारों किसानों की सम्मान निधि

## –अभी लगभग 70 फीसदी किसानों का हो पाया सत्यापन

सोहावल–अयोध्या ।तहसील क्षेत्र के हजारों किसानों की किसान सम्मान निधि खाते में न जाने की तलवार लटकती नजर आ रही है। लाख प्रयासों के बावजूद तहसील का राजस्व विभाग तहसील से जुड़े किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की सूची का लगभग 70 फीसदी ही सत्यापन कर सरकारी दस्तावेजों में फीडिंग करा पाया है। पांच अक्टूबर तक की निर्धारित समय सीमा में सभी का सत्यापन हो पाना मुस्किल हो गया है। जिन किसानों का सत्यापन नहीं हुआ उनके खाते में निधि न जाने की तलवार लटक रही है।

राजस्व विभाग के सूत्रों की माने तो तहसील क्षेत्र में लगभग 71 हजार किसानों का पंजीकरण सामने आया है। मौके पर सत्यापन में लगायी गयी लेखपालों की टीम को मृतक, भूमिहीन, आयकर दाता अपात्र आदि जैसे तमाम बिंदुओं को लेकर एक एक किसान की जांच और सत्यापन कर फीडिंग कराने की जिम्मेदारी दी गयी थी स इसके लिये शासन से पहले 5 सितंबर की अंतिम तारीख तय की गई थी, लेकिन बाद में इसे दो बार बढ़ाते हुए अब 5 अक्टूबर की अंतिम तारीख दी गयी है स जिसे समाप्त होने में कुल 7 दिन शेष बचे हैं,लेकिन तहसील स्तर पर अभी लगभग 70 फीसदी किसानों का ही सत्यापन कर फीडिंग कराया जाना सामने आया है। 30 फीसदी किसानों का सत्यापन नहीं हो पाया और पिछले दो महीने बीतने के बावजूद बाकी बचे किसानों की किसान सम्मान निधि खाते में न जा पाने की तलवार लटक रही है। पूँछे जाने पर तहसीलदार पी के गुप्ता ने बताया लगभग 71 हजार किसान पंजीकृत होने की सूची हैस लेखपालों की बड़ी संख्या में हुई ट्रांसफर पोस्टिंग और विभिन्न अन्य स्रोतों से आने वाली सूची से आंकड़ो में हो रहा आये दिन परिवर्तन से कार्य में बाधा आयी है। सीमित कर्मचारियों से कार्य समय से पूरा कराने का प्रयास है स जिसे पूरा कर लिया जायेगा।

## प्रदेश भाकियू अराजनैतिक सचिव हुए हाऊस अरेस्ट

सोहावल–अयोध्या ।मुख्यमंत्री के अयोध्या आगमन पर किसानो की 16 सूत्रीय मांग का ज्ञापन सौपने की मंशा को देखते हुए रौनाही पुलिस ने भाकियू अराजनैतिक सचिव को नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज स्थित आवास पर बीती शाम को पहुंचकर हाऊस अरेस्ट किया। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव को मामले की जानकारी होने पर नायब तहसीलदार शेखर शुक्ला को मौके पर भेजकर किसानो की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपने की प्रक्रिया पूरी करायी ।प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री से मिल कर जिला प्रशासन की खामियों के कारण परेशान किसानो की फरियाद ना सुना सके स किसान नेता फरीद अहमद ने कहा कि आज किसान छुट्टा जानवर ,बीज, खाद की मंहगाई सूखे धान की हुई बर्बाद फसलो से परेशान है। शासन द्वारा गरीबो के लिए दिए गये राशन और आवास तथा गांवो की घरौनी में तहसील प्रशासन से भारी अनियमितता का दंश झेल रहे किसानो की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाने का प्रयास पुलिस प्रशासन द्वारा एक दिन पहले से हाउस अरेस्ट करने से अधूरा रह गया। इस सम्बन्ध में एसडीएम सोहावल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा अरेस्ट, प्रक्रिया की गयी। किसान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिये नायब तहसीलदार को उनके घर पर ही भेजकर ले लिया गया है।ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक प्रभारी,दानिश खान,नगर अध्यक्ष,अबरार खान, प्रदीप कुमार,त्रिभुवन,आसिफ, नुरुल हसन, सोनू, समीर, इंद्राज आदि लोग मौजूद रहे।

# लड़कियों और लड़कों को बराबर जीने का हक और बराबर बढ़ने का हक: जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लड़कियों को लड़कों के बराबर सारे हक है। उन्हें यह हक देश का संविधान देता है और सिर्फ सरकार ही नहीं घर, परिवार और समुदाय का भी यह दायित्व है, लड़कियों को बराबरी का सारा हक मिले। यह बात संजीव रंजन, जिलाधिकारी, सिद्धार्थनगर ने प्लान इंडिया एवं महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला सभागार में आयोजित महिला एवं बाल संरक्षण हितधारकों की जिला स्तरीय क्षमता वर्धन कार्यशाल को सम्बोधित करते हुए कही। रंजन ने कार्यशाला में उपस्थित बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, बाल कल्याण समिति सदस्यों, वन स्टॉप सेंटर कर्मियों एवं चाइल्डलाइन कार्मिकों से जेण्डर आधारित भेदभाव के बारे में विस्तार से बातचीत की। साथ ही उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इस भेदभाव को खघ्त्म करने की शुरुआत अपने स्तर से करने होगी। कार्यशाला में फेसिलिटेटर के रूप में प्लान इंडिया के तकनीकी प्रमुख सुधीर कुमार राय उपस्थित थे और कार्यशाला का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान बाल विवाह की रोकथाम हेतु पंचायत स्तर पर जागरूकता हेतु प्लान इंडिया द्वारा महिला कल्याण विभाग के साथ मिलकर बनाये गए तीन पोस्टर्स का लांच भी जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा किया गया।



कार्यशाला में उपस्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट सिद्धार्थनगर के इंचार्ज एवं क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश वर्मा ने सीमावर्ती पंचायतों में मानव दुर्व्यापार रोकने के लिए उनकी यूनिट द्वारा किये जा रहे प्रयासों को भी साझा किया. कार्यशाला में फेसिलिटेटर ने बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के समक्ष बहुत सी परिस्थितियां रखीं और इनमें बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा लिए जाने वाले एक्शन के बारे में विस्तार से चर्चा की प्रतिभागियों ने भी यह माना की जेण्डर भेदभाव कई रूपों में हमारे सामने प्रस्तुत होता रहता है पर हम इसे गैर बराबरी के नजरिये से नहीं देख पाते। कार्यशाला ने उन्हें एक नई दृष्टि दी की हमें अ पने कार्यों के दौरान इस नजरिये से भी देखने की जरुरत है। कार्यशाला में सुधीर कुमार राय ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 में हाल ही में किये गए संशोधनों के बारे में भी बाल कल्याण पुलिस अधिकारीयों को अवगत कराया। कार्यशाला में बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन, प्लान इंडिया के प्रोजेक्ट मैनेजर उमेश गुप्ता, जिला समन्वयक सहित जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर प्रतिनिधि, चाइल्डलाइन प्रतिनिधि मौजूद थे।

# बूस्टर डोज का टीका अवश्य लगवायें: आरके सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसीधसिद्धार्थनगर। बृहस्पतिवार को सेवा पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत बांसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड–19 बूस्टर डोज टीकाकरण अभियान का फीता काटकर जिला उपाध्यक्ष गौरीशंकर अग्रहरि ने किया इस दौरान भाजपा के युवा नेता व समाजसेवी विष्णु जायसवाल (सोनू जयसवाल) बलराम कुलश्रेष्ठ, प्रतिभा वर्मा ,रवि अग्रहरी सहित लोगों ने बूस्टर डोज का टीका लगवाया साथ ही लोगों से अपील किया कि आप लोग भी बूस्टर डोज का टीका अवश्य लगवा ले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बासी के प्रभारी आरके सिंह के देखरेख में टीकाकरण हुआ इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष जगजीवन गोंड नगर महामंत्री राकेश अग्रहरी जिला मंत्री आनंद मणि त्रिपाठी, बजरंगी बर्मा ,महेश वर्मा सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी वह कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# विकास खण्ड–भनवापुर का किया औचक निरीक्षण–जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा कार्यालय विकास खण्ड–भनवापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय धनंजय सिंह, खण्ड विकास अधिकारी भनवापुर सहित अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित पाये गये। कार्यालय परिसर में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाया गया। नियमित साफ सफाई कराने के निर्देश दिया गया। विकास खण्ड में जर्जर भवन की मरम्मत कराने के निर्देश दिया गया। कार्यालय में मनरेगा सेल एवम अन्य पटल की पत्रवलीध्अभिलेखों के रख रखाव का अवलोकन किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रांट रजिस्टर के सभी पार्ट पूर्ण करके अवलोकित करें। मनरेगा सेल में ग्राम पंचायत बुड्ढीखास में अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिसमें श्रमिक की उपस्थिति एवम श्रमिक के अंगूठा का निशान के साथ नाम अंकित नहीं किए गया, चेक लिस्ट के अनुसार अभिलेखा एवम फोटोग्राफ रखने का निर्देश दिया गया। उक्त के पश्चात ग्राम पंचायत साहिजवार अमृत सरोवर परिसर में इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय श्रमिक भोजन अवकाश पर चले गए। मौके पर सचिव एवम ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे। खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



# माता रानी के दर्शन में भक्तों का भीड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया/सिद्धार्थनगर। नवरात्रि के चौथे दिन जोगिया स्थित बैठी माता रानी की मूर्ति पर भक्त द्वारा भारी संख्या में पहुंचकर







दर्शन कर रहे है जोगिया चौराहे पर भव्य मूर्ति बैठने से भक्त भी काफी उत्साहित है वही मूर्ति संस्थापक रवि जायसवाल सांसद प्रतिनिधि का कहना है कि लगभग 10 साल से लगातार माता रानी जी के आशीर्वाद से मूर्ति बैठाने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है और लगतार मूर्ति बहुत अच्छा लाया जाता है जिससे भी खुश रहे मूर्ति देखकर और भारी संख्या में भक्त भी आते है और समय समय पर माता रानी का आरती भी किया जाता है और 10 दिन माता रानी का धूम धाम से विसर्जन किया जाता है।

# नवरात्रि पर्व पर फलाहार कार्यक्रम का आयोजन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। बढनी के तुलसियापुर चौराहा पर नवरात्र पर्व में हिंदू भक्तगणों को फल वितरण किया गया। बढनी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहा पर हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा फलाहार कार्यक्रम



युवा वाहिनी द्वारा फलाहार कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह व विशिष्ट शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा और कपिलवस्तु विधायक श्यामधानी राही रहे। कार्यक्रम की संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह ने किया गया। आयोजित किया गया। पूजा अर्चना करके कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम में भक्तगणों ने जय श्री राम का नारा लगाया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा फलहार कार्यक्रम के आयोजन से हिन्दू समाज में समरसता का भाव जागृत होता है। लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। नवरात्र व दशहरा पर्व को लेकर पूर्व विधायक ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान भक्ति गीतों व डीजे की जगह डंका का उपयोग पर शांति तरीके से करना चाहिए। हमारे 25 पीढ़ियों के सपना अब योगी मोदी सरकार में पूरा होता दिख रहा है। विशिष्ट अतिथि विधायक विनय वर्मा ने कहा कि नवरात्र का पर्व सुख समृद्धि लेकर आता है। ऐसे समय व्रत व पूजन अर्चन से विशेष फल प्राप्त होता है। कपिलवस्तु विधायक श्यामधानी राही ने धार्मिक कार्यक्रम से मन को शांति मिलती है। हिंदुओ का पवित्र त्योहार नवरात्रि है। हियुवा जिला महामंत्री अजय सिंह ने कहा प्रभु श्री राम हमारे आराध्य है। हिंदुत्व की अलख जगाने के लिए हम सबको एक होना पड़ेगा। पंडाल में मौजूद लोगों को फल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रेम नारायण दुबे, रामहेत यादव, जय प्रकाश गौतम, राममनोहर यादव, सुग्रीम चौधरी, मोहन विश्वकर्मा, ऋषभ सिंह, अशोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा के तहत हुआ कोविड का वृहद टीकाकरण





दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहा है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कोविड टीकाकरण को लेकर बृहद टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बर्डपुर में आयोजित टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक श्यामधनी राही ने किया। टीकाकरण अभियान में क्षेत्र के लोगों ने भारी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना को टीकाकरण कराया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में कोरोना का टीकाकरण ऐतिहासिक रूप से हुआ है। देश में 200 करोड़ से अधिक मुफ्त में टीकाकरण का कार्य पूरा हो चुका है। साथ ही बूस्टर डोज भी लगाई जा रही है। क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति कोरोना के टीके से वंचित न रह जाए इसको लेकर उन्होंने सभी से कोरोना का टीका लगाए जाने को लेकर अपील किया। वहीं भाजपा बर्डपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं ने स्टाल लगाकर टीकाकरण में सहायता की। इस दौरान टीकाकरण कार्यक्रम के संयोजक मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय सहित भाजपा नेता अरविंद उपाध्याय, ओम प्रकाश यादव, प्रभारी चिकित्साधिकारी सुबोध चन्द्रा, फूलचंद जयसवाल, अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव, बृजेश सिंह, सत्य कुमार यादव, सतीश जयसवाल, राम उजागिर जयसवाल, गोरख वर्मा, सूरज चौहान, विनय कुमार वर्मा, इंद्रजीत चौधरी, लवकुश, अखलाक, अफजल हुसैन, राजकुमार, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

- सदर विधायक श्यामधनी राही ने किया शुभारंभ
- भाजपा बर्डपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

## सम्पादकीय

**चुनाव से ठीक पहले हुई इस कलह का नतीजा यह हुआ कि पंजाब में कांग्रेस बहुत बुरी तरह से हारी। अभी कांग्रेस के लिए उम्मीदों का प्रदेश कर्नाटक है, जहां अगले साल चुनाव होना है और कांग्रेस को लग रहा है कि वह जीत सकती है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार...**

# कांग्रेस के क्षत्रप आलाकमान को कुछ नहीं समझते

क्या किसी दूसरी पार्टी के आलाकमान की ऐसी स्थिति होगी, जैसी कांग्रेस आलाकमान की है? छोटी और प्रादेशिक पार्टियों के आलाकमान भी अपने हिसाब से काम करते हैं। लेकिन इन दिनों कांग्रेस आलाकमान की स्थिति ऐसी हो गई है कि कोई भी उसकी बात नहीं सुन रहा है। सिर्फ अशोक गहलोत या सचिन पायलट का मामला नहीं है। कैप्टेन अमरिंदर सिंह की कहानी कुछ समय पहले ही हुई और उसी समय भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव का ड्रामा दिल्ली में चला। राहुल गांधी कितनी बार डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया को बुला कर समझा चुके हैं लेकिन दोनों पर कोई असर नहीं है। इसी तरह मध्य प्रदेश में कमलनाथ अपनी शर्तों पर, अपने हिसाब से राजनीति करते हैं। सोचें, राजस्थान के घटनाक्रम पर। दो साल पहले सचिन पायलट ने बगावत की और विधायकों को लेकर हरियाणा में बैठे रहे। उस समय अशोक गहलोत ने अपनी जादूगरी दिखाई और सरकार बचा ली। मन मार कर सचिन वापस लौटे और पार्टी के लिए काम शुरू किया। अब एक बार फिर राजस्थान में संकट है। सीधे सोनिया और राहुल गांधी ने अशोक गहलोत से बात की। राहुल ने सचिन पायलट से भी बात की। लेकिन ऐसा लग रहा है कि किसी को आलाकमान की बातों में दिलचस्पी नहीं है। सब अपने राजनीतिक हित के हिसाब से फैसला कर रहे हैं। इसी तरह का विवाद छत्तीसगढ़ में हुआ था। राज्य सरकार के ढाई साल पूरे होने पर टीएस सिंहदेव ने मुख्यमंत्री बनाने का दावा किया था। इसे लेकर कई दिन तक कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के विधायक दिल्ली में डेरा डाले रहे। पार्टी आलाकमान को उस समय समझ में आ गया था कि अगर मुख्यमंत्री को बदलेंगे तो पार्टी टूटेगी। पंजाब में चेंज किया तो कैप्टेन अमरिंदर सिंह पार्टी छोड़ कर चले गए। कांग्रेस ने उनको मुख्यमंत्री पद से हटा कर चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाया और उसके कुछ ही दिन बाद कैप्टेन ने भी पार्टी छोड़ी और बाद में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी पार्टी छोड़ दी। चुनाव से ठीक पहले हुई इस कलह का नतीजा यह हुआ कि पंजाब में कांग्रेस बहुत बुरी तरह से हारी। अभी कांग्रेस के लिए उम्मीदों का प्रदेश कर्नाटक है, जहां अगले साल चुनाव होना है और कांग्रेस को लग रहा है कि वह जीत सकती है। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार दोनों आपस में लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने दोनों को दिल्ली बुला कर बात की और उनको समझाया लेकिन इसका कोई असर दोनों पर नहीं हुआ है। अब भारत जोड़ो यात्रा के बहाने दोनों भिड़े हैं।



# माया मिली ना राम!

आखिर जब स्थितियां बेहतर थीं, तब अर्थव्यवस्था को नहीं संभाला गया, बल्कि इसे चोट पहुंचाने वाले दुस्साहसी कदम भी उठाए गए, तो अब बुरे वक्त में उन सबका परिणाम एक साथ भुगतने के अलावा रास्ता क्या है? इस वर्ष जनवरी से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 90 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इसके प्रमुख दो कारण बढ़ता व्यापार घाटा और डॉलर की तुलना में रुपये की कीमत को कृत्रिम रूप से संभालने की भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिश है। मार्केट में यह आम जानकारी रही है कि रुपये की कीमत को प्रति डॉलर 80 से नीचे ना गिरने देने की कोशिश में रिजर्व बैंक अपने भंडार से डॉलर बाजार में डालता रहा है। इसके बावजूद परिस्थितियां ऐसी बनी हैं, जिनमें ये कीमत 81 को पार कर गई है। तो अब तमाम वित्तीय अखबारों में यह खबर आई है कि अक्टूबर से रिजर्व बैंक अपनी नीति बदलेगा और रुपये की कीमत को स्वाभाविक रूप से परिस्थितियों के मुताबिक गिरने देगा। तो कुल मिला कर सूरत यह बनी कि जिस समय डॉलर का भंडार में होना सारी दुनिया में बेहद अहम हो गया है, उस समय रिजर्व बैंक ने बड़े पैमाने पर उसे एक ऐसे मकसद के लिए खर्च किया, जिसमें उसे अब सरेंडर करना पड़ा है। इसी बीच रिजर्व बैंक ने कुछ अंतर्विरोधी कदम भी उठाए। मसलन, मुनाफे में चल रही कंपनियों को रुपये के बदले एक बिलियन डॉलर तक हासिल करने की छूट उसने दी। जाहिर है, इससे डॉलर की मांग और बढ़ी। उधर अब तक गैर–जरूरी लग्जरी चीजों का आयात घटाने जैसे कोई उपाय नहीं किए गए हैं। जबकि देश पर कर्ज चुकाने की देनदारियां भी हैं, जिनमें अगले सात महीनों में बड़ी मात्रा में डॉलर के जरिए पूरा करना होगा। इसके अलावा चूंकि वैश्विक परिस्थितियां बिगड़ती ही जा रही हैं, उसके मद्देनजर आगे की सूरत और चिंताजनक नजर आती हैं। ऐसे में रुपये की कीमत गिरेगी, इस सच को स्वीकार करने के अलावा कोई और चारा नजर नहीं आता। इसलिए आखिरकार रिजर्व बैंक सरकार की नाक बचाने की कृत्रिम कोशिशों से उबरता है, तो उसे सही दिशा में ही माना जाएगा। रुपये की कीमत गिरने के जो दुष्प्रभाव होने हैं, वे होंगे। आखिर जब स्थितियां बेहतर थीं, तब अर्थव्यवस्था को नहीं संभाला गया, बल्कि इसे चोट पहुंचाने वाले दुस्साहसी कदम भी उठाए गए, तो अब बुरे वक्त में उन सबका परिणाम एक साथ भुगतने के अलावा रास्ता क्या है?

# चुनावी लाभ के फैसले

**इनमें हो रहे घाटे को रोकने के लिए सरकार कोशिश करती, लेकिन इसके साथ ही इन पर अपना नियंत्रण रखती और इन्हें जनता तक सहजता से उपलब्ध कराने के बारे में सोचती, तो अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करती। लेकिन अभी सरकार ने व्यापार को अपने कार्यक्षेत्र से बाहर मानते हुए निजीकरण को श्रेयस्कर माना है। नतीजा ये है कि ये सुविधाएं जनता के उसी वर्ग के लिए ...**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में कुछ अहम फैसले लिए गए हैं, जिनका संबंध सत्तारुढ़ दल को चुनावी लाभ पहुंचाने से हो सकता है। इसके साथ ही निजीकरण की प्रक्रिया को तेज कर उद्योगपतियों को मुनाफा पहुंचाने का इरादा भी इन फैसलों में दिखता है। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को 30 सितंबर के बाद भी लागू रखने का फैसला लिया है। पाठकों को याद होगा कि 2 साल पहले कोरोना के कारण लगे लॉकडाउन में यह योजना पेश की गई थी ताकि रोजगार से वंचित लोगों को भुखमरी का शिकार होने से बचाया जा सके। उस वक्त इस योजना को अप्रैल, मई और जून 2020 यानी तीन महीने के लिए लाया गया था। इसके बाद इसे जुलाई से नवंबर 2020 तक बढ़ा दिया गया। वह बिहार चुनाव का वक्त था और भाजपा कोई जोखिम नहीं लेना चाहती थी। इसके बाद केंद्र ने अप्रैल 2021 में मई और जून 2021 की दो महीने की अवधि के लिए योजना को फिर से पेश किया और फिर इसे जुलाई से नवंबर 2021 तक और पांच महीने के लिए बढ़ा दिया। इसके बाद बंगाल, उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और यह योजना आगे बढ़ती रही। पिछली इस योजना को छह महीने के लिए बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दिया गया था। यह मियाद कल खत्म हो रही है, लेकिन इस बीच गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। दोनों ही राज्यों में इस बार भाजपा के लिए मुकाबला कठिन होता जा रहा है और ऐसे में एक लोककल्याणकारी योजना को बंद करने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। संभवतरू इसलिए गेहूं और चावल का भंडारण कम होने के बावजूद गरीबों को मुफ्त अनाज की योजना बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि गेहूं की फसल इस बार कम हुई है और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का स्टॉक 2008 से भी निचले स्तर पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एफसीआई और राज्य की एजेंसियों के पास 25 लाख टन गेहूं कम पहुंचा है। दूसरी तरफ धान की फसल छह प्रतिशत कम होने की आशंका है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि अनाज का बफर स्टॉक न होने पर योजना को जारी रखना मुश्किल होगा। यह तथ्य है कि गरीबों को मुफ्त अनाज देने की इस योजना से दो साल तक 80 करोड़ लोगों के घरों में चूल्हा जला है, इस पर 2.6 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं और अब छह महीने और जारी रखने की सूरत में 80,000 करोड़ रुपये और खर्च होंगे। लोककल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि वह जनता के हित में ऐसे खर्च करे, लेकिन इसके साथ ही सरकार का ये कर्तव्य भी है कि वह लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराए ताकि उन्हें मुफ्त राशन का मोहताज न होना पड़े। वैसे भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को फ्री फंड का खाना देने की बात कहकर जनता का अपमान▪संसद में किया जा चुका है। सरकार अगर बेरोजगारी के आंकड़े कम करे तो लोगों का जीवन स्तर सुधर जाए और इसके साथ ही कई बुनियादी समस्याएं भी दूर हो जाएं। लेकिन सरकार एक ओर मुफ्त योजनाओं को चलाकर चुनावी लाभ लेने की जुगत में दिख रही है, दूसरी ओर निजीकरण को बढ़ावा देकर सरकार की ओर से रोजगार की संभावनाओं को भी कम कर रही है। पिछले बरसों में देश के कई सार्वजनिक निकाय निजी हाथों के हवाले किए जा चुके हैं। इनमें लाखों लोगों को रोजगार देने की संभावनाएं बनी रहती थीं, जो एक झटके में खत्म हो गईं। अब रेलवे में निजीकरण की मुहिम तेज हो गई है। बुधवार की बैठक में 10 हजार करोड़ रुपयों के निवेश से नई दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा देश के अन्य 199 प्लेटफार्म्स के कायाकल्प पर काम जारी है। रेलवे स्टेशनों की सूरत से लेकर सुविधाओं तक में आमूलचूल बदलाव का दावा किया जाएगा। विश्वस्तरीय सुविधाओं की बात होगी और प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से यह सब निजी क्षेत्र की दखलंदाजी से ही संभव होगा। रेलवे के पास देश की संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा है और इसका अगर सोच समझ कर इस्तेमाल किया जाए तो यात्रियों के लिए सुविधाएं भी बढ़ाई जा सकती हैं और मुनाफा भी कमाया जा सकता है। लेकिन फिलहाल ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह फैसला निजी क्षेत्रों के मुनाफे के लिए किया जा रहा है। सरकार तो रेलवे में घाटे का रोना ही रोती है। लॉकडाउन के वक्त रेलवे के पहिए भी थम गए थे और इसकी वजह से बड़ा नुकसान बताया गया था। तब यात्रियों को मिलने वाली कई छूट बंद कर दी गई थी। मरीजों, छात्रों, विकलांगों और वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायतें रोकने से इन वर्गों को कई तकलीफों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद सरकार ने धीरे–धीरे कुछ रियायतें फिर से बहाल की हैं। इसी क्रम में अब खबर है कि वरिष्ठ नागरिकों की छूट भी वापस शुरु हो सकती है। सरकार पर इससे 2 हजार करोड़ का बोझ बढ़ सकता है। लेकिन जब कई उद्योगपति हजारों करोड़ की ऋण माफी करवाते हैं या खुद को डिफाल्टर घोषित करवा देश की कमाई हड़प कर जाते हैं, तब क्या सरकार 2 हजार करोड़ के अतिरिक्त खर्च की व्यवस्था नहीं कर सकती। वैसे भी टिकिट बुकिंग से लेकर खाने–पीने की व्यवस्था तक निजी क्षेत्र किसी न किसी बहाने रेलवे में अपनी दखल बना चुके हैं। रेलवे हो या दूरसंचार, पानी हो या बिजली, इन सबको सरकार ने व्यापारिक उद्यम की तरह मान लिया है, लेकिन इनका गणित लाभ–हानि से परे जाकर जनहित और जनसुविधा का भी है। इनमें हो रहे घाटे को रोकने के लिए सरकार कोशिश करती, लेकिन इसके साथ ही इन पर अपना नियंत्रण रखती और इन्हें जनता तक सहजता से उपलब्ध कराने के बारे में सोचती, तो अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करती।

# विपक्षी एकता कितनी संभव?

**इसके अलावा, (15–49 वर्ष) आयु वर्ग की महिलाओं का प्रतिशत, जिनका लम्बाई–वजन अनुपात (बॉडी मास इंडेक्स) सामान्य से कम है, एनएफएचएस–4 के 22.9 प्रतिशत से घटकर एनएफएचएस–5 में 18.7 प्रतिशत रह गया है। एक नेक और समग्र लक्ष्य के साथ शुरू किए गए पोषण अभियान का उद्देश्य व्यवहार में बदलाव लाना और छोटे बच्चों, किशोर लड़कियों, गर्भवती एवं स्तनपान कराने ...**

अजीत द्विवेदी

भारतीय जनता पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है। पार्टी एक–एक लोकसभा सीट पर काम कर रही है। पंजाब की पटियाला लोकसभा सीट कैसे जीत सकते हैं इस योजना के तहत कैप्टेन अमरिंदर सिंह को पार्टी में लाया गया है तो पिछली बार हारी साउथ गोवा लोकसभा सीट कैसे जीतेंगे, इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामत को पार्टी में लिया गया है। यह अभी से तय माना जा रहा है कि पटियाला की मौजूदा कांग्रेस सांसद परनीत कौर अगली बार भाजपा की टिकट पर लड़ेंगी और साउथ गोवा सीट पर भाजपा दिगंबर कामत को उतारेगी।

भाजपा एक एक सीट की रणनीति पर बारीकी से काम कर रही है तो साथ ही हर प्रदेश में छोटी छोटी पार्टियों को अपने साथ जोडने या उनका विलय भाजपा में कराने की योजना पर भी काम हो रहा है। बिहार के दौरे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को भी मैसेज दिया। इसके बरक्स अगर विपक्ष की राजनीति को देखें तो अभी सब कुछ बहुत बिखरा हुआ दिखेगा। कई बड़े नेता विपक्षी एकता के लिए काम कर रहे हैं लेकिन कम से कम अभी यह कोई ठोस और मूर्त रूप लेता नहीं दिख रहा है। इसका बुनियादी कारण कांग्रेस का विपक्षी पार्टियों के प्रति नजरिया है और आम आदमी पार्टी की राजनीति है। कांग्रेस पहले भी यह धारणा बनाए हुई थी कि विपक्षी एकता उसको केंद्र में रख कर ही संभव है। लेकिन अब जब राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा शुरू हुई है और उसे दक्षिण के राज्यों में अच्छा रिस्पांस मिला है उससे उत्साहित कांग्रेस अब विपक्षी पार्टियों के प्रति अपमानजनक बातें करने लगी है। कांग्रेस को छोड़ कर विपक्षी एकता की बात करने वालों को जयराम रमेश ने मूर्खों के स्वर्ग में रहने वाला बताया है। हालांकि सारी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस को छोडने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन कांग्रेस का अपना एटीट्यूड ऐसा है, जिससे विपक्षी पार्टियां बिदकेंगी। खास कर उन राज्यों में, जहां कांग्रेस मजबूत है या कांग्रेस को अपने लिए कोई संभावना दिख रही है। कर्नाटक, तेलंगाना, केरल आदि राज्यों में कांग्रेस का यह एटीट्यूड विपक्षी एकता के रास्ते में बाधा बनेगा तो कांग्रेस जिन राज्यों में बहुत कमजोर है, जैसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में वहां की बड़ी प्रादेशिक पार्टियों की कांग्रेस के प्रति सोच विपक्षी एकता को पटरी से उतार सकती है। इसके अलावा आम आदमी पार्टी की राजनीति भी विपक्षी एकता के रास्ते में बाधा है। आम आदमी पार्टी बड़ी तेजी से एक के बाद एक राज्य में अपना दायरा फैला रही है और उसके लिए भाजपा से बड़ा राजनीतिक दुश्मन कांग्रेस है। कांग्रेस भी उसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन मान रही है। जिस तरह से देश के अनेक राज्यों में अलग अलग क्षेत्रीय पार्टियों ने कांग्रेस को हटा कर उसका स्थान ले लिया उसी तरह आम आदमी पार्टी इस प्रयास में है कि जहां कोई क्षेत्रीय पार्टी नहीं है और कांग्रेस का सीधा मुकाबला भाजपा से है वहां वह कांग्रेस को रिप्लेस करके उसकी जगह ले। इस योजना के तहत आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सफलता पाई और अब आगे उसकी नजर गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों पर हैं, जहां अब भी कांग्रेस एक मजबूत ताकत है। सो, कांग्रेस नेताओं का एटीट्यूड और आप की राजनीति विपक्ष को एकजुट होने से रोकेंगे। अब सवाल है कि अगर विपक्षी पार्टियां साथ आती हैं तो कैसे आएंगी? उसका क्या फॉर्मूला होगा, जिससे साझा विपक्ष भाजपा को चुनौती दे सकेगा? यह तो कतई संभव नहीं है कि सभी पार्टियों का सभी राज्यों में तालमेल हो। क्योंकि ज्यादातर पार्टियां एक से ज्यादा राज्य में लडने लायक नहीं हैं। उनके पास न संगठन है और न नेता हैं। इसलिए राज्यवार विपक्ष की साझेदारी बने और विपक्ष उन सीटों पर ध्यान केंद्रित करे, जहां पिछले चुनाव में भाजपा को कड़ी टक्कर मिली थी या भाजपा जहां कम वोटों के अंतर से जीती है। इसकी रणनीति बनाते हुए यह ध्यान रखना होगा कि इन सीटों पर भाजपा भी अपनी रणनीति बना रही है। भाजपा 144 ऐसी सीटों पर ध्यान केंद्रित किए हुए है, जहां वह पिछली बार चुनाव हारी थी और इसके अलावा 77 ऐसी जीती हुई सीटों पर उसका फोकस है, जहां वह पिछली बार एक लाख से कम वोट के अंतर से जीती थी। इसमें कई सीटें हैं, जो पार्टी कुछ हजार वोट से जीती है। झारखंड की खूंटी लोकसभा सीट पर भाजपा दो हजार वोट से तो लोहरदगा में 10 हजार और दुमका में 45 हजार वोट के अंतर से जीती थी। इन सीटों पर भाजपा की विशेष तैयारी हो रही है। तभी विपक्षी पार्टियों को भी ऐसी सीटों पर अपनी साझेदारी बनाने और साझा उम्मीदवार उतारने की योजना पर काम करना चाहिए। चुनावी आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली संस्था सीएसडीएस ने भाजपा की कम अंतर से जीती सीटों का विश्लेषण किया है, जिससे पता चलता है कि ऐसी सीटों पर पिछले चुनाव में दूसरे और तीसरे स्थान पर रही विपक्षी पार्टियों के वोट जोड़ दें तो ज्यादातर सीटों पर भाजपा हार जाएगी। यानी विपक्ष का वोट बंटने से भाजपा जीती है। अगर एक लाख से कम अंतर से हारी 77 सीटों पर विपक्ष साझा उम्मीदवार उतार दे तो वह 50 सीटें जीत सकती है और 10–12 सीटें पर भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकती है। अगर ऐसा हो जाता है तो भाजपा की सीटें 303 से कम होकर बहुमत के 272 के आंकड़े से काफी नीचे आ जाएंगी। यह बहुत सरल विश्लेषण है। इसमें यह माना गया है कि एक लाख वोट से ज्यादा अंतर से जीती हुई सारी सीटें भाजपा फिर जीतेगी ही। ऐसी सीटों की संख्या 227 है। इनमें से 105 सीटें तो ऐसी हैं, जिन पर भाजपा तीन लाख से ज्यादा अंतर से जीती है और 59 सीटें ऐसी हैं, जिन पर उसकी जीत का अंतर दो से तीन लाख वोट का था। ऐसी सीटों पर भाजपा को ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

हालांकि इस बारे में पक्के तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले करीब 10 छोटे–बड़े राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। राज्यों के चुनाव नतीजों से बहुत कुछ बदलेगा। अभी जो धारणा बन रही है कि भाजपा जब 2024 का चुनाव लडने जाएगी तो उसके खिलाफ 10 साल की एंटी इन्कंबैंसी होगी और महंगाई, बेरोजगारी आदि समस्याओं की वजह से भाजपा को नुकसान हो सकता है, वह धारणा राज्यों के चुनाव नतीजों से प्रभावित होगी। अगर भाजपा हारती है तो उसके लिए 2024 में मुश्किल आएगी। लेकिन उससे पहले अभी का माहौल देख कर लगता नहीं है कि विपक्ष किसी तरह से भाजपा को सवा दो सौ सीटें से नीचे रोक सकता है। सबसे बड़ी पार्टी भाजपा रहेगी, यह तय दिख रहा है। भाजपा की सीटें कम करना भी तभी संभव है, जब विपक्षी पार्टियों में पूरी तरह से एकजुटता स्थापित हो। अगर ऐसा नहीं हुआ और विपक्ष के वोट बंटे तो फिर भाजपा को रोकना मुश्किल होगा। जहां तक कांग्रेस की बात है तो उसे भी उन्हीं राज्यों और उन्हीं सीटों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जहां वह पिछले चुनाव में कम अंतर से हारी थी और जहां उसका जनाधार और संगठन दोनों हैं। अगर कांग्रेस इस तरह से लक्षित राजनीति करती है तो वह 30 से 35 सीटें बढ़ा सकती है यानी उसकी सीटें 80 से ऊपर जा सकती हैं।




# मच्छर जनित बीमारियों से कैसे करें बचाव, दी गई जानकारी

## सकरन ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यशाला में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को मिली दिशा

साण्डा (सीतापुर)। बदलते मौसम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत सकरन ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यशाला में जापानी इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डेंगू, टायफ़ इड आदि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गये। कार्यशाला में मौजूद प्रधान और पंचायत कर्मियों को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार देशमणि ने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षा के लिए गांव में साफ सफाई रखें। मच्छर रोधी कीटनाशकों का नियमित छिड़काव कराएं। गांव में किसी तरह की बीमारी के प्रसार के संबंध में उन्हें तुरंत जानकारी दें। जिससे मौके पर स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भेजकर प्रभावित लोगों का इलाज किया जा सके। पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेश प्रसाद ने बताया कि सुअर बाडा और पशुओं के रखरखाव वाली जगहों पर प्रमुखता से साफ सफाई की जाये। रोग ग्रस्त पशु के मरने पर उसका शव सुरक्षित तरीके से मिट्टी में दबाया जाये। एडीओ पंचायत श्रीकृष्ण सरोज ने कहा कि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराएं। हैंड पंप के पास किसी भी तरह की गंदगी व गंदा पानी न जमा होने दें। बीडीओ राम लगन वर्मा ने बताया कि साफ –सफाई अपना कर तमाम जानलेवा बीमारियों से बचाव किया जा किया जा सकता है। गांव में नियमित रूप से अभियान चलाकर साफ–सफाई कराई जाए। मच्छरों पर नियंत्रण के लिए हर संभव सभी उपाय किए जाएं। कार्यशाला में पंचायत सचिव आरती गौड़, शिवमंगल मिश्रा, अरुण गुप्ता, शैलेंद्र दीक्षित, अजीत यादव, विमल रावत, सुभाष दीक्षित, ओपी जायसवाल, संतलाल पटेल, शिवेंद्र प्रताप के साथ प्रधान शिव दुलारी, आशा देवी, प्यारेलाल भार्गव, सुंदर लाल तिवारी, गुड्डू वर्मा, दीपू वर्मा प्रधान प्रतिनिधि सीताराम, सरवन गोस्वामी, उपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुफ्त लगाया जाता है रेबीज से बचाव का टीका: डा. पीके सिंह

सीतापुर। यदि किसी व्यक्ति को बंदर, कुत्ता, बिल्ली, सियार, लोमड़ी और नेवला जैसे जानवर काट लें तो वह व्यक्ति रेबीज से पीड़ित हो सकता है। ऐसे में पीड़ित को तुरंत ही नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अथवा किसी प्रशिक्षित चिकित्सक से मिलकर उपचार कराना चाहिए। ऐसे मामले में थोड़ी सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। यह बात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पीके सिंह ने सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में कही। संगोष्ठी का आयोजन विश्व रैबीज दिवस के मौके पर किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डा. पीके सिंह ने कहा कि जिला चिकित्सालय सहित सभी सीएचसी व पीएचसी पर रेबीज से बचाव के एआरवी टीके को मुफ्त लगाने की सुविधा है। उन्होंने बताया कि कि रेबीज का वायरस संक्रमित जानवरों की लार ग्रंथियों में मौजूद होता है। जब यह संक्रमित जानवर किसी को भी काटता है तो यह वायरस घाव के जरिए शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसके बाद मस्तिष्क तक पहुंचता है और सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित कर देता है। रेबीज के लक्षण ज्यादातर मामलों में तीन महीने के भीतर नजर आने लगते हैं। लेकिन कुछ दुर्लभ मामलों में कई वर्षों बाद भी यह बीमारी हो सकती है। टीकाकरण ही इसका एकमात्र बचाव है। यह टीका पशु के काटने के 72 घंटे के भीतर लगवा लेना चाहिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश चंद्रा ने कहा कि रेबीज विषाणु जनित रोग है जो पशुओं से मनुष्य में फैलता है। यह बीमारी होने के बाद कोई उपचार नहीं है। रोकथाम के लिए पालतू जानवरों का प्रतिवर्ष टीकाकरण कराना चाहिए। टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है, जिससे रेबीज से बचा जा सकता है। डॉ. विवेक सचान ने कहा कि बंदर, कुत्ता, बिल्ली, सियार, लोमड़ी और नेवला जैसे जानवरों के काटने पर उनका सलाइवा इंसान के खून में मिलने से जानलेवा रेबीज होती है। इस मौके पर डा. दीपेंद्र वर्मा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा, डीसीपीएम रिजवान मलिक, जावेद खान, पुष्कर सिंह, आशीष श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, आशीष सिंह सहित पशुपालन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# जनपदवासी सभी त्यौहार गंगा जमुनी तहजीब, आपसी प्रेम एवं शान्ति पूर्वक मनायें:–एमपी सिंह

## अपराधिक, आसामाजिक व आराजक तत्वों के संबंध में जिला प्रशासन व पुलिस को सूचित करें:डीएम

हरदोई। 02 अक्टूबर को गांधी जयंती, दशहरा, बारावफात तथा दीपावली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक जिलाधिकारी एम0पी0 सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित सभी धर्म गुरूओं एवं गणमान्य व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी त्यौहारों को सभी लोग जनपद की गंगा जमुनी तहजीब, आपसी प्रेम, सौहार्द एवं शान्ति पूर्वक मनायें। उन्होने कहा कि पीस कमेटी के सभी जिम्मेदार तथा गणमान्य व्यक्ति अपने क्षेत्रों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी अपराधिक, आसामाजिक व आराजक तत्व की जानकारी होने पर तत्काल जिला प्रशासन एवं पुलिस को सूचित करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होने कहा कि दुर्गा पूजा पंडाल स्थापना, विर्शजन स्थान व रूट के सम्बन्ध में समिति द्वारा सक्षम अधिकारी से अनुमति ली जायेगी तथा पारम्परिक स्थानों पर ही पूजा पंडाल आयोजित होगें किसी भी नये पंडाल की अनुमति नही दी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा एवं बरावफात को ध्यान में रखते हुए सभी मार्गो को ठीक कराने के साथ विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था समयानुसार कराई कराई जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पण्डालों में समिति के लोग अपने सदस्यों के पहचान पत्र जारी करे और उनके माध्यम से सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये और भीड़ को देखते हुए आने–जाने का रास्ता अलग–अलग बनायें और साफ–सफाई आदि की समस्या होने पर संबंधित ईओ या प्रशानिक अधिकारी को सूचित करें। उन्होने कहा जिन धार्मिक स्थलों के लाउड स्पीकर बंद कर दिये गये है उन्हें चालू न किया जाये और जो संचालित है उनकी आवाज निर्धारित रखी जाये। जिलाधिकारी ने कहा दुर्गा विर्शन एवं बारावफात जुलूस में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र लेकर नहीं जायेगा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि त्यौहारों के देखते हुए जनपद के सभी संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात के करने के साथ समस्त थानों के वांछित अपराधियों को पांबद किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनपदवासी निर्भय होकर पूर्व की भांति शान्ति पूर्वक आपसी भाईचारे के साथ सभी त्यौहार मनायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दिव्या मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्लाअपर पुलिस अधीक्षीक दुर्गेश कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार तथा पीस कमेटी के समस्त सदस्य उपस्थित रहें। बैठक का संचालन सीओ परशुराम सिंह ने किया।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने पुलिस ग्राउड, सभागार, कैण्टीन, लाईब्रेरी आदि को देखकर पुलिस अधीक्षक की प्रशंसा करते कहा कि इससे पुलिस परिवार के लोगों को कैण्टीन एवं लाईब्रेरी आदि की सुविधा के लिए बाहर नही जाना पडेघ्गा और उनका समय भी बचेगा। जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ पुलिस लाइन में संचालित प्राथमिक विद्यालय जलाखपुरवा का निरीक्षण किया तथा कक्षा एक की बच्ची द्वारा 1 से 5 तक पहाड़ा सुनाने तथा स्कूल की अच्छी व्यवस्था पर प्रधाना अध्यापक पूर्णिमा की प्रशंसा की तथा बच्चों से अपरान्ह भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर प्रधाना अध्यापक ने बताया कि वह विद्यालय में अकेली है और कोई भी सहायक या शिक्षा मित्र नही है और विद्यालय में बच्चों के बैठने हेतु कुर्सी, मेज की व्यवस्था पुलिस अधीक्षक द्वारा कराई गयी है, जिलाधिकारी ने कहा कि शीघ्र विद्यालय को और शिक्षक उपलब्ध कराये जायेगें।

## दो दिनों से बंद निराश्रित गोवंश को लेकर दो डीसीएम पहुंची गौशाला

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बेलहा दरियाना में दो दिनो से बंद निराश्रित गोवंश को लेकर दो डीसीएम गौ शाला बरा गांव पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने रोककर धरना प्रदर्शन करने गये। जिसकी जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे थाना थानगांव पुलिस थाना रेउसा पुलिस ब्लॉक के एडीओ पंचायत विनोद यादव पहुंचे। ग्रामीणों से वार्तालाप किया फिर भी ग्रामीण नहीं माने दोनों गाडियों को गौशाला अकसोहा पहुंचे। जहां पर मौजूद ग्रामीणों ने दोनों गाडियों को गौशाला से वापस भेज दिया। निराश्रित गौ वंश से भरी डीसीएम इधर–उधर सड़क पर भटक रही है। वहीं दो गोवंश बेहोश हो गये। जिनको बेहोशी की हालत में पशु चिकित्सालय लाया गया। जहां पर उपचार किया जा रहा है। करीब तीन घंटों से इधर उधर सड़कों पर भटक रहे निराश्रित गौ वंश से भरे वाहनों को बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप अवस्थी अपनी टीम के साथ रेउसा बिसवां मार्ग पर स्थित एसआर पेट्रोल पंप पर खड़े दोनों वाहनों को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पहुंचे। जहां निराश्रित गोवंश को ब्लॉक मुख्यालय पहुंच गये। जहां जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते समस्या का निदान ना होने के चलते ब्लॉक मुख्यालय पर गोवंश को रखा जाएगा। जिसकी देख रेख ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी करेंगे।

## श्री बालाजी हनुमान मंदिर की मूर्ति खंडित, कार्रवाई न होने पर त्यागी बाबा ने दी धरने की चेतावनी

रेउसा (सीतापुर)। थाना क्षेत्र में चौका नदी के किनारे बने श्री बालाजी हनुमान मंदिर की मूर्ति खंडित करने का मामला प्रकाश में आया है। गांव के ही ग्रामीणों द्वारा त्यागी बाबा की कुटी मजरा चंद्रसेनी गांव के बाबा लाल जी पुत्र रामजीवन कुटी पर श्री बालाजी मंदिर में पुजारी का कार्य करते हैं। आए दिन गांव के ही रामसेवक पुत्र सरजू भार्गव, इन्देश पुत्र राम सेवक सूअर पालन पोषण करते हैं। जिसके चलते आए दिन मंदिर में सूअर प्रवेश कर गंदगी करते हैं। जिसकी शिकायत बाबा ने कई बार रेउसा थाने में की है। लेकिन पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर कुछ नहीं किया है। रात को श्री बालाजी मूर्ति का दहिना हाथ रामसेवक व उसका पुत्र तोड़ डाला है जिसकी नामजद तहरीर है रेउसा पुलिस को बाबा द्वारा दी गई है। पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना किए जाने पर बजरंग दल के प्रखंड सहा संयोजक अंकित पांडे मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी, पिंकी देवी, मानसिंह, आसाराम सहित कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर खंडित मूर्ति को देखा एवं बाबा से बात आराम कर रेउसा थाने पहुंचे। यहां पर उन्होंने तहरीर देकर पुलिस पर आरोप लगाया है। ऊटी के पुजारी बाबा लाल जी को गंदी.गंदी अभद्र गाली देना मारपीट एवं हनुमान जी के मंदिर में सूअरों को प्रवेश करना। जैसे मूर्ति खंडित कर हिंदू धर्म के प्रति गलत व्यवहार करना जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष रेउसा को लिखित में तहरीर दी गई है। अगर तहरीर पर कोई कार्यवाही है। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध नहीं की गई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# समाजसेवियों ने हरपालपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मुहिम

हरपालपुर/हरदोई। कटियारी क्षेत्र के समाजसेवियों ने शहीदे आजम भगत सिंह को नमन कर हरपालपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाए जाने संबंधी 8 सूत्रीय ज्ञापन पत्र बीडीओ हरपालपुर को सौंपा। पत्र में घोषणा न होने तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया गया।

शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें नमन कर पंचनद विकास संघर्ष समिति के बैनर तले कई एक सामाजिक संगठनों ने हरपालपुर ब्लॉक मुख्यालय पर वर्ष 2008 से प्रस्तावित एवं शासन स्तर पर विचाराधीन पंचनद क्षेत्र के विकासशील कस्बा हरपालपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार हस्ताक्षर एवं जन जागरण अभियान की शुरुआत करते हुए इसके दर्जा मिल जाने तक संघर्ष का संकल्प लिया। पंचनद संयोजक अधिवक्ता अवनिकान्त बाजपेई ने कहा कि कन्नौज, गुरसहायगंज,फर्रुखाबाद ,अल्लाहगंज,शाहाबाद ,

हरदोई, बिलग्राम के मध्य सर्वाधिक विकासशील कस्बा हरपालपुर को नगर पंचायत बनाने से कटरी क्षेत्र का विकास होगा जो कि वर्ष 2008 से प्रस्तावित तथा वर्तमान समय में शासन स्तर पर विचाराधीन है मिशन आत्म संतुष्टि के संस्थापक राजवर्धन सिंह राजू ने कहा कि लगभग 4 किलोमीटर की व्यवसायिक एवं आवासीय सीमा में फैला हरपालपुर कस्बा शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से परिपूर्ण है और नगर पंचायत की सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर रहा है इसे नगर पंचायत तत्काल घोषित किया जाना चाहिए। भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी राम सिंह यादव ने कहा कि एक ओर सरकार रोज नए नगर पंचायतों के गठन, सीमा विस्तार की घोषणा कर रही है वही पंचनद क्षेत्र के सबसे विकासशील कस्बा हरपालपुर को नगर पंचायत ना बनाकर उसके नागरिकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है, हरपालपुर प्रधान सज्जाद मंसूरी ने कहा कि हरपाल पुर नगर पंचायत बनना अति आवश्यक है जिससे कस्बे का समग्र विकास हो सके। उन्होंने कहा कि इतने बड़े कस्बे का विकास कम बजट में नहीं हो पा रहा है, प्रधान दीपू मिश्रा ने हरपालपुर के साथ–साथ सवायजपुर को भी नगर पंचायत का दिलाने की बात कही। समाजसेवी नरदेव यादव ने हरपालपुर को पंचनद कटरी की राजधानी की संज्ञा दी और कहा कि इसे बहुत पहले नगर पंचायत बन जाना चाहिए। नरेंद्र राजपूत ने कटरी क्षेत्र के विकास हेतु स्पेशल पैकेज की बात कही।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद–ए–आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि देकर की गई समापन पर 8 सूत्री ज्ञापन पत्र खंड विकास अधिकारी हरपालपुर को सौंपा गया तथा हरपालपुर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने और सवायजपुर को नगर पंचायत दर्जा दिलाने हेतु अधिसूचना जारी होने तक संघर्ष के संकल्प को दोहराया गया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वजीत मिश्र, रामपाल राठौर ,राममूर्ति, राम रहीम, नागेंद्र प्रताप सिंह, रामसनेही, देवेश कुमार, राम प्रकाश सक्सेना, प्रतिपाल ,आमिर मंसूरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल

हरदोई। जिले में आज रात पुलिस और बदमाशों में आमने सामने हुई मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हुए है। दोनों घायल बदमाश सीतापुर जिले के रहने वाले कुख्यात अपराधी हैं। दोनों बदमाशों ने अपने कुछ और साथियो के साथ मिलकर हरदोई में 19 सितंबर को एक बैंक मित्र को गोली मारकर लूट लिया था ,जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी थी। पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों बदमाश आज लूट में शामिल अपने साथी को लूट की रकम का हिस्सा देने आये थे जहां पुलिस चेकिंग के दौरान बाइक पर रुकने की बजाय दोनों ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने इनका पीछा किया तो इन्होने पुलिस पर फायर करके भागने का प्रयास किया। जवाबी फायरिंग में इन दो बदमाशों को पैर में गोली लगी है। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे कारतूस , 52 हजार रुपए और बैंक मित्र के लुटे हुए झोले में बरामद किये हैं। पुलिस की गोली से घायल हरदोई मेडिकल कॉलेज में लाये गए सीतापुर के सकरन थाना क्षेत्र के बतैया निवासी कल्लू पुत्र सब्बीर व मछरेहटा थाना क्षेत्र के हीरापुर निवासी संतोष तिवारी पुत्र रमेश तिवारी हैं इन बदमाशों ने संडीला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दुर्गाखेड़ा के मजरा अटवा–भदसेन के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ओम प्रकाश सिंह को 19 सितंबर की रात बेनीगंज मार्ग पर टीकर मोड़ के पास गोली मारकर उनके पास मौजूद एक लाख 35 हजार रुपये लूटने की वारदात कबूली है। घायल ओम प्रकाश की लखनऊ में 22 तारीख की रात मौत हो गई थी। इस सनसनी खेज लूट कांड के राजफाश को आईजी लक्ष्मी सिंह की टीम के साथ ही एसपी राजेश द्विवेदी ने सीओ विकास जायसवाल के नेतृत्व में टीम लगाई गई थी। पुलिस लगातार इन बदमाशों की तलाश में लगी थी। आज पुलिस टीम कछौना क्षेत्र में गढ़ी कमालपुर मोड़ पर चेकिंग कर रही थी उसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध लोगों ने पुलिस को सड़क पर खड़ा देखकर पीछे लौटने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हें रुकने का श्रा किया लेकिन दोनों बदमाश बाइक छोड़कर पुलिस फोर्स पर फायरिंग करते हुए भाग निकले। जिसके बाद पुलिस ने भी घेराबंदी करते हुए जबाबी फायरिंग की जिसमे दोनों बदमाशों के पैर पर गोली लगी है । जिसके बाद पुलिस ने घायल दोनों बदमाशों को कछौना सीएचसी पहुंचाया गया। जहा से दोनों को मेडिकल कालेज रिफर कर दिया गया मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही एसपी राजेश दिवेदी समेत पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और दोनों से पूंछताछ की जिसके बाद दोनों बदमाशों ने बैंक मित्र की लूट की घटना स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों बदमाशों के पास से बैंक मित्र का झोला जिसमे 52 हजार रुए थे उसके अलावा दो तमंचे और बाइक बरामद की है। एसपी राजेश दिवेदी के मुताबिक दोनों बदमाश कछौना इलाके में लूट में शामिल एक बदमाश को लूट की रकम का हिस्सा देने आये थे जहा पुलिस से इनकी मुठभेड़ हो गयी। एसपी ने बताया दोनों बदमाशों का सीतापुर जिले में आपराधिक इतिहास भी है और इन्होने अपने कुछ साथियो के नाम भी बताये है जिन्हे पुलिस सरगरमी से तलाश कर रही है।

# बुजुर्ग दंपत्ति की गला रेत कर निर्मम हत्या

हरदोई । जिले में बुजुर्ग की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई।दरअसल बुजुर्ग पति पत्नी गांव में अकेले रहते थे जबकि उनके बेटे दिल्ली में रहकर काम करते थे। आज सुबह दंपति के द्वारा दरवाजा न खोलने पर परिवार के लोगों ने जाकर देखा तो रक्तरंजित अवस्था में उनकी लाश पड़ी थी।दोहरे हत्याकांड की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई।मामले की सूचना के बाद आईजी लक्ष्मी,एसपी समेत कई थानों की फोर्स और फॉरेंसिक टीम वारदात से संबंधित साक्ष्य एकत्रित करने में जुटी है।एडिशनल एसपी गांव में कैम्प कर रहे हैं और घटना के खुलासे के लिए 3 टीम गठित की गई है।हालांकि अभी यह पता नहीं चल सका है कि किन लोगों ने किस वजह से दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया है।आईजी ने घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। दोहरे हत्याकांड का यह मामला हरदोई जिले के थाना बघौली इलाके के काईमऊ गांव का है जहां रिटायर्ड होमगार्ड संतराम (60) और उनकी पत्नी कैलाशा (55) की उनके घर में ही गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई।आज सुबह संतराम के भाई सियाराम ने घर का दरवाजा बंद होने पर घर का दरवाजा किसी तरह खोल कर घर के अंदर दाखिल हुए तो देखा तो रक्तरंजित अवस्था में दोनों की लाश पड़ी थी।दोहरे हत्याकांड की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई ,तमाम ग्रामीणों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई।मामले की सूचना के बाद आईजी लक्ष्मी सिंह एसपी,एडिशनल एसपी और सीओ समेत कई थानों की फोर्स मौके पर हत्या की वारदात से संबंधित साक्ष्य एकत्रित करने में जुटी है।दोहरे हत्याकांड के खुलासे के लिए आईजी लक्ष्मी सिंह ने तीन टीम गठित की है जो हत्याकांड की वारदात को अंजाम देने वाले हत्यारों की तलाश में जुटी है।

हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि किसने और किस वजह से दोहरे हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया।फिलहाल आशंका व्यक्त की जा रही है कि इस हत्याकांड के पीछे किसी नजदीकी का हाथ हो सकता है,पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। इस बारे में आई जी लक्ष्मी सिंह ने बताया कि वारदात के खुलासे के निर्देश दिए गए हैं,एडिशनल एसपी गांव में ही कैम्प करेंगे,घटना के खुलासे के लिए तीन टीम गठित की गयी हैं वारदात में किसी नजदीकी का हाथ हो सकता है यहां घर मे किसी के लिए भोजन पकाया जा रहा था घर में मौजूद धारदार हथियार से हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है,सभी टीमें लगी हुई हैं और घटना के जल्द खुलासे के लिए निर्देश दिए गए हैं जल्द घटना का अनावरण किया जाएगा। इस बारे में मृतक के भाई सियाराम का कहना है कि रिटायर्ड होमगार्ड संतराम और उनकी पत्नी गांव में अकेले मकान में रहते थे जबकि उनका बेटा विमल और कमल दिल्ली में रहकर काम करते थे। परिजनों के मुताबिक, उनकी किसी से रंजिश भी नहीं थी।ऐसे में पुलिस ब्लाइंड मर्डर के खुलासे को लेकर तमाम पहलुओं की गहनता से जांच में जुटी है।पुलिस का दावा है कि जल्द चाहिए हत्याकांड का खुलासा कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्थानांतरित एसडीएम को तहसील कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई

मिश्रिख (सीतापुर)। तहसील मिश्रिख के सभागार में तहसील कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर स्थानांतरित उपजिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर भाव भीनी विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर वक्ताओं ने उनकी कार्यशैली व व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके साथ किए गए कार्यों व अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कार्यों से होती है। वह किसी भी पद पर आसीन हो स्टाफ संसाधनों आदि के अभाव में कार्य करना एक चुनौती पूर्ण रहा है। लेकिन इन चुनौतियों को अवसर के रूप में लेते हुए उपजिलाधिकारी ने अनुशासित और पूरी लगन के साथ आम जनता के कार्यो को गंभीरता से करने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर नवागत उपजिलाधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार राजकुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक अजय दीक्षित, लेखपाल संघ अध्यक्ष विकास सिंह चौहान, मंत्री पीयूष, लेखपाल ज्ञानेंद्र, कुलदीप सिंह, जैनेंद्र द्विवेदी, आनंद सिंह, किसान यूनियन के उमेश पांडेय, विजय, अंशू सिंह, पंकज कुमार, राजीव कुमार, गोपाल जी शुक्ला, अभिमन्यु वर्मा, शिवमंगल यादव, पंकज कुमार आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## असलहे की नोक पर बदमाशों ने एक को डंडा मार किया घायल, चोरी की दो भैंस

सिधौली (सीतापुर)। रामपुर कला थाना के कबरा गांव में बीती रात बेखौफ भैस चोर बदमाशों ने असलहे की नोक पर एक एक व्यक्ति को लाठी मारकर घायल कर दिया और दो लोगों के घर के बाहर बंधी भैस चोरी कर ले गये। बताते हैं कि बीती रात राजेन्द्र पुत्र रामदयाल व गांव के ही रामकुमार की भैंस अहाते में बंधी थी। रात के समय रामकुमार की दो भैंस अज्ञात चोर ने खोल ली और रामकुमार के घर के निकट स्थित राजेन्द्र के घर के बाहर बंधी भैस को चोर खोल ही रहे थे। तभी राजेन्द्र की आंख खुल गयी। राजेंद्र ने चोरों को देखा तो उन्हें ललकारा तो बदमाश चोरों ने राजेंद्र के ऊपर असलहा तानकर गोली मारने की धमकी दी और लाठी से वार कर घायल कर दिया और तीनों बहनों को लेकर फरार हो गये। पूरे गांव में जब इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

# अमृत महोत्सव और गांधी की प्रासंगिकता पर सेमिनार का आयोजन

- अक्टूबर को शहीद उद्यान में आयोजित है सेमिनार
- प्रख्यात गांधीवादी चिंतकों सहित एक दर्जन वक्तागण रखेंगे अपना विचार

दैनिक बुद्ध का संदेश
सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव के आलोक में एक दर्जन वक्ता गांधी की प्रासंगिकता पर अपना विचार प्रस्तुत करेंगे, इस अवसर पर देश के गांधीवादी चिंतक और विचारक उपस्थित होंगे। छोटे बच्चे भी गांधी वेशभूषा में बापू के संदेश को प्रदर्शित करेंगे वहीं गौरव स्तम्भ पर अध्यापिकाओं द्वारा रंगोली भी सजाई जाएगी। बनवासी सेवा आश्रम द्वारा गांधी चरखे द्वारा धागा बनाने की विधि को भी प्रदर्शित किया जाएगा। संगोष्ठी में नेहरु ग्राम भारती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति और गांधीवादी चिंतक प्रोफेसर राममोहन पाठक और देश के जाने माने चिंतक विजय नारायण सेमिनार में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनवासी सेवा आश्रम के अध्यक्ष अजय शेखर करेंगे। आयोजक वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि यह सेमिनार इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि गांधी से संबंधित विभिन्न विषयों पर वक्ताओं द्वारा अलग अलग विचार प्रस्तुत किये जायेंगे। गांधी और आंदोलन विषय पर प्रख्यात साहित्यकार रामनाथ शिवेंद्र, गांधी और स्वावलम्बी भारत पर पूर्व विधायक तीरथराज, गांधी के आर्थिक भारत पर भोलानाथ मिश्रा, गांधी के ब्रम्हचर्य प्रयोग पर राजेश द्विवेदी, गांधी के नारी दर्शन पर अमृता सिंह, गांधी और अहिंसा पर कौसरजहाँ सिद्धकी, गांधी और पर्यावरण पर राहुल श्रीवास्तव व गांधी के खादी दर्शन पर चंद्रकांत शर्मा अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर पारसनाथ मिश्रा, जगदीश पंथी, प्रद्युम्न त्रिपाठी, कमलनयन तिवारी और जयश्री राय द्वारा गांधी के विभिन्न विचारों पर कविता पाठ भी किया जाएगा।सेमिनार के स्वागताध्यक्ष की भूमिका किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी व संयोजक की भूमिका में समाजसेवी राहुल श्रीवास्तव व सोनभद्र बार एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश द्विवेदी नजर आएंगे। राकेश त्रिपाठी, क्रांति सिंह व अभिषेक मिश्रा आयोजक की भूमिका निभा रहे हैं।




# पद्मश्री गोपाल दास नीरज साहित्य भूषण अलंकरण से सम्मानित हुए डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर

दैनिक बुद्ध का संदेश
सोनभद्र। काशी के चौरासी पुस्तक के रचयिता एवं एनटीपीसी के उप प्रबंधक मानव संसाधन पद से सेवानिवृत्त डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर को उनके साहित्य सृजन एवं राजभाषा हिंदी के उत्थान तथा प्रचार–प्रसार हेतु पद्मश्री गोपाल दास नीरज साहित्य भूषण अलंकरण –2022ष् से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान उन्हें वाराणसी के राजभाषा–सांस्कृतिक कार्यक्रमों की राष्ट्रीय संस्थान रस वर्षा द्वारा प्रदान किया गया। एनटीपीसी टाण्डा में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन के अवसर पर एनटीपीसी के महा प्रबंधक गण द्वारा उक्त सम्मान डॉ शिखर को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृष्णेन्दु गंगोपाध्याय महाप्रबंधक ओ एण्ड एम, अन्य महा प्रबंधकगण सूर्यनारायण पाणिग्रही, अभय कुमार मिश्रा, डॉक्टर उदयन तिवारी, अतुल गुप्ता, पी लक्ष्मी नरसिम्हा, उदय शंकर बोस तथा उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रणव वर्मा एवं मृणालिनी तथा देश के कोने–कोने से आए कविगणों चकाचौंध ज्ञानपुरी, शंकर शहर, डॉ अनीता सिंह, पूनम श्रीवास्तव, आर्यन उपाध्याय एवं सबरस मुरसानी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य हो कि कवि, लेखक एवं साहित्यकार के रूप में ख्यातिलब्ध डॉ शिखर की अब तक दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा राजभाषा के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। कार्यक्रम का संयोजन उप प्रबंधक (मानव संसाधन) अतुल कुमार पांडेय ने तथा संचालन शिया शरण ने किया।




# गन्ना किसानों को गन्ना फसल की सुरक्षा के लिए मिलेगा 900 रुपया प्रति हेक्टेयर का अनुदान

लखनऊ। प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में जिला योजना के अन्तर्गत गन्ना फसल की सुरक्षा हेतु 02 योजनाओं में अनुदान की व्यवस्था है। पहला, बीज भूमि उपचार कार्यक्रम है जिसके अन्तर्गत गन्ना बुआई के समय भूमि में प्रयुक्त किये जाने वाले रसायनों एवं बीज शोधन हेतु प्रयुक्त रसायनों पर लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू.500 प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है, दूसरा पेड़ी प्रबन्धन कार्यक्रम है, जिसके अन्तर्गत पेड़ी गन्ना फसल की सुरक्षा हेतु प्रयुक्त रसायनों की लागत का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू.150 प्रति हेक्टेयर का अनुदान दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था वर्ष 2012 से प्रचलित है, जबकि बाजार में कई नये उपयोगी पेस्टीसाइड्स आ चुके है तथा समय के साथ इन रसायनों के मूल्य में भी वृद्धि हो चुकी है। गन्ना किसानों द्वारा पेस्टीसाइड की बढ़ी लागत के दृष्टिगत अनुदान बढ़ाये जाने के अनुरोध किये जा रहे थे तथा कीटनाशकों के मूल्य में वृद्धि एवं अनुदान की दरें सीमित होने के कारण बहुत से कृषक फसल सुरक्षा के प्रति प्रभावी रूचि नहीं ले पा रहे है। तत्क्रम में गन्ना कृषकों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार द्वारा अनुदान में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है। राज्य सरकार की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त अब गन्ना किसानों को उनकी बुआई से लेकर पेड़ी प्रबन्धन तक उपयोग किये जा रहे किसी भी फसल सुरक्षा रसायन की लागत का 50 प्रतिशत अथवा रुपया 900 प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान उपलब्ध हो सकेगा। किन्तु इसके साथ यह भी प्रतिबन्ध रखा गया है कि प्रयुक्त रसायन भारत सरकार द्वारा अनुमोदित रसायनों की सूची में शामिल हों तथा उन्हें भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित न किया गया हो। उपरोक्त के साथ ही बीज एवं भूमि उपचार तथा पेड़ी प्रबन्धन कार्यक्रमों में अलग–अलग अनुदान की व्यवस्था को समाप्त कर कुल अनुदान अधिकतम रुपया 900 प्रति हेक्टेयर कर दिया गया हैं। अब गन्ना फसल की सुरक्षा हेतु किसान कोई भी संस्तुत रसायन का उपयोग गन्ने की पौधा फसल, उसकी बुआई के समय बीज व भूमि उपचार या पेड़ी प्रबन्धन आदि के लिए कर सकते हैं।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का जनपद बलरामपुर भ्रमण कार्यक्रम कल

## राज्यपाल महोदय का भ्रमण कार्यक्रम निम्नानुसार है

दैनिक बुद्ध का संदेश
बलरामपुर। जनपद मुख्यालय पर महामहिम राज्यपाल महोदया का कार्यक्रम प्रातः 9.10 पर माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन हेलीपैड पर आगमन होगा। प्रातः 9.15 पर मंडी समिति में आगमन होगा। प्रातः 9.20 से 9.40 तक राज्यपाल महोदया द्वारा मंडी समिति में सावित्री देवी बायो एनर्जी फार्मर प्रोडक्ट कंपनी की दुकान का उद्घाटन किया जाएगा। प्रातः 9.45 राज्यपाल द्वारा एमएलकेपीजी कॉलेज के लिए प्रस्थान किया जाएगा। प्रातः 10.00 बजे से 11.15 तक राज्यपाल द्वारा एमएलकेपीजी कॉलेज में सावित्री देवी बायो एनर्जी फार्मर प्रोडक्ट के किसानों को प्रमाण पत्र का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम थारू जनजाति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। थारू समाज के लोगों को वन पत्र का वितरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी बुक एवं किट का वितरण, सामाजिक वेलफेयर के लाभार्थियों को सामग्री वितरित किया जाएगा। 11.15 से 11.45 तक जिलाधिकारी, विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं थारू समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। 11.50 को राज्यपाल महोदय जिला जेल के लिए प्रस्थान करेंगी। 12.00 से 12.45 तक कैदियों से मिलकर उनसे वार्ता करेंगे। 12.50 को राजपाल द्वारा आंगनवाड़ी सेंटर कलवारी के लिए प्रस्थान किया जाएगा। 1.00 से लेकर 1.20 तक राज्यपाल महोदया द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, बच्चों एवं उनके अभिभावक से वार्ता की जाएगी एवं आंगनवाड़ी किट का वितरण किया जाएगा। 1.25 बजे राज्यपाल महोदय द्वारा पुलिस लाइन हेलीपैड के लिए प्रस्थान करेंगी। 1.35 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगीं।

## एससी/एसटी एवं पॉक्सो एक्ट में नामजद अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश
करमा/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन मे जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक –29.09.2022 को थाना करमा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या–103ध्2022 धारा 452, 354, 506 भादवि 3(2)5 (क) एससीध्एसटी एक्ट व 7ध8 पॉक्सो अधिनियम से संबंधित नामजद अभियुक्त नागेश्वर उर्फ घमडी यादव पुत्र जगनारायण यादव निवासी ग्राम बसवा, थाना करमा, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# पत्नी के नाराज होकर मैके जाने से पति ने फंदा लगाकर किया आत्महत्या

दैनिक बुद्ध का संदेश
नौतनवां। नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैराटी निवासी मृतक अनील पुत्र राजकुमार (तुरहा) उम्र 30 वर्ष जो दो बच्चों का पिता था। बडा लडका पांच वर्ष व छोटा लडका एक वर्ष का बताया जा रहा है। बीते कुछ दिनो से पत्नी मायके गई हुई थी। दोनो बच्चे अपने पिता के साथ गांव पर ही रह रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हर रोज की भांति सब्जी बेचकर बीते बुधवार की शांम को अपने घर पहुचां और भोजन कर अपने कमरे मे सोने चला गया। गुरुवार की सुबह उसके कमरे का दरवाजा देर तक नही खुलने पर लोगो ने खिडकी के रास्ते देखा तो वह छत की कुन्डी से लटकता हुआ दिखाई दिया। लोगो ने शोर मचाया और घटना की जानकारी ग्राम प्रधान महेन्द्र यादव को दिया। मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान ने घटना की जानकारी नौतनवा पुलिस को दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने जाचं पडताल के बाद शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वही घटना की जानकारी होने पर पहुची पत्नी व बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। इस सन्दर्भ मे थानाध्यक्ष नौतनवां सुनील कुमार राय ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजा गया रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



# उद्योगपतियों ने नए भारत के नए उत्तर में निवेश को लेकर जताई सहमतिः नंदी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास, निवेश एवं उद्योगों को रफ्तार देने के लिए राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बुधवार की रात देश की राजधानी दिल्ली में नोएडा, गाजियाबाद और एनसीआर के टॉप उद्योगपतियों व उद्यमियों के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने का प्रस्ताव उद्योग पतियों को दिया। साथ ही औद्योगिक निवेश को और बेहतर तरीके से बढ़ाने के लिए उनसे सुझाव मांगा। उन्होंने पूछा कि वह लोग राज्य सरकार से क्या चाहते हैं। नई दिल्ली स्थित होटल लीमेरिडियन में आयोजित इस बैठक में करीब 50 प्रमुख उद्योगपति शामिल हुए। मंत्री नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आज उत्तर प्रदेश तेजी से विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट के जरिए अगले 1 साल में उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपए निवेश लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उद्योगपतियों और उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश के बेहतर कानून व्यवस्था की प्रशंसा की। कहा कि कानून व्यवस्था बेहतर होने और गुंडों, माफियाओं के जेल में जाने से कानून का इकबाल बुलंद हुआ है। जिससे उद्यमियों का विश्वास बढ़ा है। उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश के बदले परिवेश में उत्तर प्रदेश में निवेश में दिलचस्पी ले रहे हैं। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने उद्योगपतियों से कहा कि वह उत्तर प्रदेश आएं और अधिक से अधिक निवेश करें। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य तेजी के साथ औद्योगिक विकास में और सुधार कर रहा है। उद्यमियों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सरकार तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। मंत्री नन्दी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और निवेश नीति को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने के लिए नई औद्योगिक नीति बनाई जा रही है, जिसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा।

# साबूत चना, आयोडाईज्ड नमक एवं रिफाईण्ड ऑॅयल का होगा निःशुल्क वितरण

लखनऊ। राज्य सरकार ने प्रदेश की उचित दर की दुकानों पर उपलब्ध अवशेष साबूत चना, आयोडाईज्ड नमक एवं रिफाइंड ऑयल का निःशुल्क वितरण एक नये वितरण चक्र में कराये जाने का निर्णय लिया है, जिसकी अवधि 03 अक्टूबर एवं 04 अक्टूबर (02 दिन) होगी। यह वितरण माह जून, 2022 के सापेक्ष तेल, नमक एवं चना प्राप्त न करने वाले कार्डधारकों को चिन्हित कर, उन्हें ई–पॉस के माध्यम से निःशुल्क सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में प्रदेश के खाद्य आयुक्त मार्कण्डेय शाही ने प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों तथा जिला पूर्ति अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए हैं। यह जानकारी अपर खाद्य आयुक्त अनिल कुमार दुबे ने देते हुए बताया कि इन वितरण दिवसों पर ओटीपी के माध्यम से कार्डधारकों को नेफेड वस्तुएं प्राप्त करने की सुविधा अनुमन्य रहेगी। इसके लिए पोर्टेबिलिटी की सुविधा के माध्यम से भी अवशेष उपभोक्ताओं को इन वस्तुओं का वितरण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसी उचित दर की दुकान पर कार्डधारक बाहर होने के कारण, टर्नअप न होने की स्थिति में, उस दुकान के अवशेष स्टॉक को किसी अन्य दुकान पर स्थानान्तरित कर अवशेष कार्डधारकों को वितरण कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि नेफेड वस्तुओं के वितरण की पारदर्शिता एवं सुनिश्चितता करने हेतु अवशेष नेफेड वस्तुओं का निःशुल्क वितरण, अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी द्वारा नामित उचित दर दुकान स्तरीय नोडल अधिकारीध्पर्यवेक्षणीय अधिकारी की उपस्थिति में ही कराया जाएगा। अपर आयुक्त ने बताया कि अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी के उन कार्डधारकों को ही वर्तमान विशिष्ट वितरण चक्र में यह वस्तुएं निःशुल्क वितरित करायी जा रही हैं, जिनको माह जून, 2022 के सापेक्ष माह जुलाई, 2022 के एन०एफ०एस०ए० खाद्यान्न के साथ सम्पन्न वितरण के दौरान आयोडाइज्ड नमक (01 किग्रा0 प्रति कार्ड), दाल व साबुत चना (01 किग्रा प्रति कार्ड) तथा रिफाइण्ड ऑयल (01 ली० प्रति कार्ड) प्राप्त नहीं हुआ है।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# स्वस्थ रहना हैं तो डाल लीजिए बिना तकिये सोने की आदत, जानें कैसे प्रभावित होता हैं शरीर



रात को सभी आराम की नींद लेना पसंद करते हैं और इस दौरान किसी भी तरह का परिवर्तन नींद में खलल डालने का काम करता हैं, खासतौर से अपनी पसंद का तकिया ना मिल पाना। जी हां, आजकल देखने को मिलता हैं कि लोगों को सोते समय अपना ही तकिया चाहिए होता हैं और कई लोग तो शहर से बाहर जाते हैं तो अपने साथ अपना तकिया भी ले जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तकिये का इस्तेमाल ना करना आपकी कई शारीरिक परेशानियों को दूर कर सकता हैं। जी हां, तकिया लगाकर सोने से शरीर के कई अंगों पर अलग–अलग तरह से प्रभाव पड़ता है। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि तकिये के बिना सोना किस तरह आपके लिए फायदेमंद साबित होता है। आइये जानते हैं इसके बारे में...

रीढ़ की हड्डी को मिलता है आरामः जब व्यक्ति सोते समय अपने सिर के नीचे तकिया लगाकर सोता है तो उससे रीढ़ की हड्डी और सिर की पोजीशन एक समान नहीं होती है। खासकर ज्यादा ऊंची तकिया लगाने पर रीढ़ की हड्डी की पोजीशन सोते समय टेढ़ी रहती है, जिसके कारण कई तरह के परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर इसी के कारण सोकर उठने पर लोगों में शरीर में अकडन और पीठ दर्द की शिकायत देखने को मिलती है। इसलिए आपके लिए बिना तकिया सोना ज्यादा फायदेमंद है क्योंकि इससे आपकी रीढ़ की हड्डी और सिर की पोजीशन सीधी बनती है। बिना तकिये लगाए सोने से व्यक्ति की गर्दन स्पाइन की दिशा में रहती है, जिसकी वजह से पीठ दर्द की समस्या नहीं होती।

सिर दर्द से मिलेगा छुटकाराः अगर आप बिना तकिए के सोते हैं तो इसका आपके शरीर पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ेगा। क्योंकि बिना तकिए के सोने से शरीर को फायदा होता है। ऐसा करने से आपको सिरदर्द से छुटकारा मिलता है, जबकि कमर दर्द की शिकायत भी नहीं होती है।

गर्दन दर्द से मिलेगी राहतः हम अक्सर तकिए का उपयोग इसलिए करते हैं, ताकि गर्दन और सिर को सही सपोर्ट मिल सके। लेकिन एक गलत पोजीशन और गलत तकिए की वजह से आपको कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इससे आपके गर्दन के मसल्स पर दबाव पड़ता है, जिसकी वजह से आपकी गर्दन में दर्द हो सकता है। इसके बजाय अगर आप बिना तकिए के सोते हैं तो इससे आप गर्दन के दर्द से तो बचते ही हैं साथ ही आपके गर्दन और सिर तक का रक्त प्रवाह भी बेहतर रहता है।

अच्छी नींद आएगीः नींद न आना भी एक बड़ी प्रॉब्लम है। ऐसे में अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो बिना तकिए के सोना शुरू कीजिए, इससे आपकी थकान दूर होगी और आपको अच्छी नींद भी आएगी। जिससे आप सुबह उठकर बिल्कुल फ्रेश महसूस करेंगे।

तनाव से मिलेगी राहत

भागदौड़ भरी लाइफ में तनाव लोगों की बड़ी समस्या बन गई है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बिना तकिए के सोने से आपका सिर ऊपर की ओर नहीं होगा, जिससे आपके मस्तिष्क तक रक्त संचार ठीक रहता और तनाव नहीं होता है।

चेहरे पर झुर्रियां नहीं पड़ती हैंः जो लोग सोते समय बहुत फूली हुई और मुलायम फोम वाली तकिये का इस्तेमाल करते हैं उनके चेहरे पर झुर्रियां जल्दी देखने को मिलती हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि ऐसी फोम वाली तकिया लगाकर सोने से चेहरे पर दबाव पड़ता है और तकिये पर मौजूद धूल–गंदगी और बैक्टीरिया आदि स्किन पोर्स में समाकर त्वचा को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके कारण चेहरे की त्वचा पर मुंहासे की समस्या भी हो सकती है। तो अच्छा यही है कि आप बिना तकिया सोएं।

## साड़ी पहन अवनीत कौर ने लगाया ग्लैमर का तड़का, तस्वीरें उड़ा देंगी आपके होश

टेलीविजन की जानी मानी मशहूर अभिनेत्री अवनीत कौर



अक्सर अपनी तस्वीरों और वीडियो के चलते खध्बरों में बनी रहती है वही हाल ही में अवनीत कौर ने अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर साझा की। इन फोटोज में अवनीत कौर साड़ी वाले लुक में दिखाई दे रही हैं। अवनीत अक्सर अपनी फोटोज अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा करती रहती हैं।

सोशल मीडिया पर अवनीत कौर की ये फोटोज तेजी से वायरल हो रही हैं। अवनीत इस वक्त इंटरनेट सेंसेशन बनी हुई हैं। अवनीत एथनिक लुक में दिखाई दे रही हैं। अवनीत की इन ट्रैडिशनल फोटोज को लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर बहुत अधिक एक्टिव रहती हैं। बहुत ही छोटी उम्र में अवनीत ने अपना करियर आरम्भ कर दिया था। उनकी इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेहतरीन फैन फॉलोइंग है। अवनीत कौर के 33 मिलियन के आस–पास फॉलोअर्स हैं।

बता दे कि अवनीत कौर ने ब्लू कलर की साड़ी में अपनी फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका ट्रैडिशनल अवतार देखने को मिल रहा है। अवनीत ने अपने हाथों में बड़े कड़े, अंगूठियां, गले में मैचिंग हार एवं कानों में बड़े ईयररिंग्स कैरी किए हैं। अवनीत कौर ने इस फोटोशूट के लिए मिनिमल मेकअप, आई शैडो एवं ग्लॉसी लिप कैरी किया। अवनीत कौर की फोटोज आपकी रातों की नींदें चुरा सकती हैं। वो इस साड़ी में बहुत जबरदस्त लग रही हैं। उनकी तस्वीरों पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे है।




# अगर लैपटॉप की स्क्रीन पर दाग और खरोंच हैं, तो उन्हें दूर करने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल करें



अल्कोहल को हाईलाइट करके आप लैपटॉप की स्क्रीन को साफ कर सकते हैं। लैपटॉप के स्क्रैच को साफ करने के लिए इरेजर का इस्तेमाल सबसे अच्छा हो सकता है। लैपटॉप सफाई युक्तियाँरू लैपटॉप का इस्तेमाल लगभग सभी करते हैं। खासकर कोरोना काल में वर्क फ्रॉम होम कल्चर और ऑनलाइन क्लासेज शुरू होने के बाद लैपटॉप का इस्तेमाल काफी आम हो गया है। हालांकि, ज्यादा इस्तेमाल से लैपटॉप की स्क्रीन अक्सर गंदी भी हो जाती है। ऐसे में कुछ आसान तरीकों को अपनाकर आप लैपटॉप की स्क्रीन पर लगे दागों को आसानी से दूर कर सकते हैं। दरअसल, लैपटॉप की स्क्रीन को साफ करने के लिए ज्यादातर लोग स्क्रीन को गीले कपड़े से पोंछ कर साफ करते हैं। बेशक इससे स्क्रीन की गंदगी आसानी से साफ हो जाती है। लेकिन इस तरीके से लैपटॉप की स्क्रीन पर लगे खरोंच और जिद्दी दागों को हटाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हम आपके साथ कुछ लैपटॉप क्लीनिंग टिप्स शेयर करने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप अपने लैपटॉप को नए जैसा चमकदार बना सकते हैं। इरेजर से साफ करेंः लैपटॉप की स्क्रीन पर खरोंच को साफ करने के लिए इरेजर का इस्तेमाल सबसे अच्छा हो सकता है। इसके लिए इरेजर की मदद से लैपटॉप की स्क्रीन को हल्के से रगड़ें। अब 4–5 मिनट तक रगडने के बाद लैपटॉप स्क्रीन की खरोंच तुरंत गायब हो जाएगी। रबिंग अल्कोहल का प्रयोग करेंः रबिंग अल्कोहल की मदद से आप लैपटॉप के साथ–साथ टीवी और मोबाइल की स्क्रीन भी साफ कर सकते हैं। इसके लिए स्क्रीन को साफ करके पोंछ लें। अब रबिंग अल्कोहल में एक माइक्रोफाइबर कपड़ा डुबोएं और इसे स्क्रीन पर रगड़ें। इससे स्क्रीन पर लगे सारे दाग–धब्बे दूर हो जाएंगे और आपकी स्क्रीन नए की तरह चमकने लगेगी। पेट्रोलियम जेली की मदद लेंः लैपटॉप स्क्रीन पर लगे खरोंच और दाग को हटाने के लिए पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसके लिए लैपटॉप की स्क्रीन पर पेट्रोलियम जेली लगाएं और इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से रगड़ें और थोड़ी देर के लिए छोड़ दें। अब कुछ देर बाद आपकी स्क्रीन किसी कपड़े से पोंछ कर साफ हो जाएगी। स्क्रैच रिमूवर से दाग हटाएंः लैपटॉप के दाग को हटाने के लिए आप स्क्रैच रिमूवर की भी मदद ले सकते हैं। इसके लिए टूथपेस्ट का इस्तेमाल भी काफी कारगर साबित हो सकता है। वहीं, मार्केट में कई स्क्रैच रिमूवर आसानी से मिल जाते हैं। जिसके इस्तेमाल से आप लैपटॉप, टीवी और स्मार्ट फोन की स्क्रीन को आसानी से ब्राइट कर सकते हैं।




## शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति की भूमिका निभाने की चुनौतियों पर बोले राजेश खट्टर



अनुभावी अभिनेता राजेश खट्टर, जो वेब सीरीज कर्म युद्ध में एक पैराप्लेजिक कैरेक्टर वर्धन रॉय की भूमिका निभा रहे हैं, ने स्क्रीन पर एक विशेष रूप से विकलांग व्यक्तित्व को चित्रित करते समय आई चुनौतियों के बारे में बात की। एक विशेष रूप से विकलांग चरित्र को निभाना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि हम अभिनेता आम तौर पर हमारे शरीर को उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं। हाथ के इशारे, चलने की शैली, या यहां तक कि कंधे को सिकोडने जैसी छोटी–छोटी हरकतें इस बारे में बहुत कुछ बताती हैं। लेकिन जब आप इन सब से अलग हो जाते हैं, तो आपके पास केवल चेहरा ही रह जाता है।रवि अधिकारी द्वारा निर्देशित, श्रृंखला में सतीश कौशिक, राजेश खट्टर, आशुतोष राणा, पाओली डैम, अंकित बिष्ट, प्रणय पचौरी, सौंदर्या शर्मा, चंदन सान्याल और अन्य शामिल हैं। राजेश ने आगे कहा, वर्धन के मामले में, वह अपने चेहरे का भी इस्तेमाल नहीं कर सकता था, इसलिए मेरे पास भावनाएं व्यक्त करने के लिए केवल आंखों का ही सहारा था। वह जिस भावनाओं से गुजर रहा था, उसे उसकी आंखों के माध्यम से व्यक्त किया जाना था। 55 वर्षीय अभिनेता ने आहट, जुनून, कुमकुम, बेहद जैसे टीवी शो में अपनी भूमिकाओं से मनोरंजन उद्योग में अपनी पहचान बनाई। इसके साथ ही उन्होंने सूर्यवंशम, डॉन 2, खिलाड़ी 786 सहित कई फिल्मों में अभिनय भी किया। उन्होंने अपने शोध और अपनी टीम के साथ इस किरदार को निभाने के लिए खुद को कैसे तैयार किया, इस पर उन्होंने विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, कैरेक्टर को सही तरीके से निभाने के लिए मैंने वास्तविक जीवन के कुछ मामलों का अध्ययन किया, लेकिन काफी हद तक मुझे अपने और हमारे निर्देशक रवि जी के इनपुट पर निर्भर रहना पड़ा। चूंकि मेरे अधिकांश □श्य पाओली के साथ थे, इसलिए मैंने उनका फीडबैक लिया।हैप्पी डिजिटल (श्री अधिकारी ब्रदर्स) प्रोडक्शन के गौतम अधिकारी, मकरंद अधि िकारी और कैलाशनाथ अधिकारी द्वारा निर्मित, कर्म युद्ध डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 30 सितंबर से स्ट्रीमिंग होगी।